आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

वर्ष- 16 अंक 324 - जबलपुर - बुधवार, 28 दिसम्बर, 2022 - मूल्य- 2 रुपए - पृष्ठ-8 - पौष शुक्ल पक्ष-5 - विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## जयपुर में साम्प्रदायिक तनाव, पत्थर चले, वाहनों-घरों को नुकसान, पुलिस बल तैनात,

**जयपुर, ईएमएस।** राजस्थान के जयपुर शहर में साम्प्रदायिक तनाव फैल गया है। अब तक की जानकारी के मुताबिक, बेनीवाल कांटा क्षेत्र में बीती रात दो पक्षों के बीच झड़प हो गई। दोनों तरफ से खूब पत्थरबाजी हुई। इससे कई वाहनों और मकानों को नुकसान पहुंचा है। सूचना मिलने पर भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। फिलहाल शांति है।

## नए साल में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की आशंका, गृह विभाग को मिला इनपुट

**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश में न्यू ईयर पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ सकता है। ऐसा इनपुट खुफिया पुलिस से गृह विभाग को मिला है। इसे लेकर गृह विभाग ने सभी कलेक्टर्स और एसपी को सख्ती और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। 1 जनवरी से 31 मार्च तक खास तौर पर सावधानी बरतने को कहा है। अशांति फैलाने वालों पर NSA लगाने के लिए कहा गया है।

# जम्मू में 4 आतंकवादी ढेर ट्रक में छिपकर आए थे

## तलाशी के दौरान फायरिंग की

## गोला- बारूद लेकर कश्मीर जा रहे थे



**जम्मू, ईएमएस।** जम्मू-कश्मीर में बुधवार को सुबह ही सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। ट्रक से आए आतंकियों को सुरक्षा बलों ने घेर लिया और मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। जम्मू के सिधरा इलाके में सुरक्षाकर्मियों को एक संदिग्ध ट्रक दिखा था, जिसे सिधरा टोल पर रोका गया। ट्रक से निकले तीन आतंकियों ने फायरिंग शुरू की थी जो मार गिराए गए। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा कि का ड्राइवर फिल्हाल फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। इन आतंक के पास बड़े पैमाने पर हथियार और बारूद था। सुबह 7 बजे हुए इस ऑपरेशन में सुरक्षा बलों को ही कामयाबी मिली है। खासतौर पर 26 जनवरी से 7 पहले अलर्ट चल रहे सुरक्षा बलों के लिए आतंकी का यह भंडाफोड़ अहम है। सुरक्षा बलों ने कहा कि फिलहाल यह जानकारी नहीं मिल सकी है कि ये आतंकी किस संगठन से जुड़े हुए हैं। पुलिस का कहना है कि खराब मौसम है और घरा कोहरा छाया हुआ है। ऐसे में इस बात की भी आशंका है कि ये आतंकी आसपास के जंगल में छिप गए हों। ऐसे में सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है। सिधरा बाईपास पर ट्रैफिक को रोक दिया गया है और आतंकियों एवं ट्रक ड्राइवर की तलाश में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। गौरतलब है कि 26 जनवरी से पहले जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बल मुस्तैद हैं और उसी का नतीजा है कि सुबह ही उन्होंने आतंकियों को धर दबोचा और ढेर कर दिया। डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा कि जम्मू को श्रीनगर से जोड़ने वाले हाइवे से ये आतंकी घाटी की ओर जा रहे थे। इन लोगों के पास बड़े पैमाने पर हथियार होने की भी आशंका है, जो जांच के बाद ही पता चल सकेगा। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि आमतौर पर यहां दोपहर 12 बजे से ही ट्रकों की आवाजाही शुरू होती है। लेकिन इस ट्रक को देखकर संदेह हुआ तो पुलिस ने उसे रोका। पुलिसकर्मियों की ओर से रोके जाने के बाद ड्राइवर ने पेशाब का बहाना किया और भाग निकला। इस बीच ट्रक के अंदर से फायरिंग शुरू हो गई। इसका जवाब देते हुए सुरक्षा बलों ने तीन आतंकियों को ढेर कर दिया। उन्होंने कहा कि इन आतंकियों ने बड़े पैमाने पर हथियारों का इस्तेमाल सुरक्षा बलों पर किया।

### भारी मात्रा में असलहा लेकर आए थे

पुलिस ने बताया कि काफी ज्यादा असलहे के साथ ये आतंकवादी आए थे। कई धमाके हुए और आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर काफी देर तक फायरिंग की। इसके बाद एनकाउंटर में इन्हें ढेर कर दिया गया। जिस ट्रक में ये बैठे थे उसमें भी आग लग गई। पुलिस का मानना है कि आतंकवादियों की संख्या 4 से काफी ज्यादा थी।

### .मौसम खराब, आसपास जंगल... आशंका- आतंकवादी छिप न जाएं

जम्मू-कश्मीर हाईवे के जिस बाईपास पर ट्रक को रोका गया था। उसके आसपास जंगल है। मौसम खराब है और कोहरा भी काफी घना है। पुलिस को आशंका है कि कहीं बचे हुए आतंकवादी इन हालात का फायदा उठाकर भाग न निकलें। पुलिस ने कहा कि ट्रक की तलाशी के बाद काफी सवालों के जवाब मिल जाएंगे। मौके पर सेना भी पहुंच गई है। तलाशी अभियान अभी जारी है।



## देश में कोरोना का खतरा

## चीन से मदुरै आई महिला और उसकी 6 साल की बच्ची पॉजिटिव

**नई दिल्ली, ईएमएस।** देश में कोरोना के केस फिर से बढ़ते दिख रहे हैं। श्रीलंका के रास्ते चीन से तमिलनाडु के मदुरै आने वाली एक महिला और उसकी 6 साल की बच्ची कोरोना पॉजिटिव पाई गई है। मदुरै के जिला कलेक्टर ने बताया कि दोनों को आइसोलेट कर दिया गया है और उनके कोविड सैंपल को आगे की जांच के लिए लैब भेजा गया है। दूसरी तरफ, कानपुर में सोमवार को ढ्ढञ्ज का एक छात्र कोरोना पॉजिटिव मिला है। दो दिन पहले वह कोलकाता से ढ्ढञ्ज कैंपस लौटा था। पॉजिटिव आने के बाद उसे आइसोलेट कर दिया गया है। कानपुर में 48 घंटे में दूसरा पॉजिटिव केस है। इससे पहले 25 दिसंबर को दिल्ली से लौटा युवक कोविड पॉजिटिव पाया गया था। वहीं, बिहार के गया में मंगलवार को कोरोना के 5 पॉजिटिव केस मिले। इस बात की पुष्टि सीविल सर्जन डा रंजन कुमार सिंह ने की है। इसी के साथ गया में कुल 16 कोरोना पॉजिटिव हो गए। इस 16 में से 11 विदेशी हैं और 5 गया के डुमरिया के रहने वाले हैं। इसके साथ ही तमिलनाडु में 51 सक्रिय कोविड मामले दर्ज किए गए हैं। अच्छी बात यह है कि यहां अब तक नए ओमिक्रॉन बीएफ 7 वेरिएंट को कोई मरीज नहीं मिला है।

### IIT कानपुर का स्टूडेंट संक्रमित

## घर में अचानक आग लगी, 1 ही परिवार के 5 लोग जिंदा जले

**मऊ, ईएमएस।** उत्तर प्रदेश में मऊ के शाहपुर गांव में मंगलवार देर रात अचानक एक घर में आग लग गई। इससे एक ही परिवार के पांच सदस्यों की जिंदा जलकर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जब परिवार के लोग गहरी नींद में सोए थे, तभी यह हादसा हुआ। पुलिस ने बताया कि मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

## नेपाल के बागलुंग जिले में लगातार दो बार भूकंप

**काठमांडू, ईएमएस।** नेशनल अर्थक्वेक मॉनिटरिंग एंड रिसर्च सेंटर नेपाल के अनुसार, नेपाल में मंगलवार देर रात दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। केंद्र से मिली रीडिंग के अनुसार, बागलुंग जिले के अधिकारी चौर के आसपास रात 01ञ्23 बजे 4.7 तीव्रता का भूकंप आया। वहीं, 02ञ्07 बजे बागलुंग जिले के खुंगा के आसपास 5.3 तीव्रता का भूकंप आया। फिलहाल, अभी तक जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है।

## रेलवे पर कोहरे की मार

### आज निरस्त की 279 ट्रेनें, 100 से ज्यादा उड़ानों पर भी असर



**नई दिल्ली, एजेंसीं।** दिल्ली एनसीआर, उत्तराखंड, यूपी, बिहार, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान में इन दिनों शीतलहर चल रही है। तापमान तेजी से लुढ़क गया और घना कोहरा छाया हुआ है। उत्तर भारत के कई राज्यों में कोहरे के कारण रेल व हवाई यातायात पर असर पड़ा है। दृश्यता कमजोर होने से रेलवे ने आज 279 ट्रेनें निरस्त कर दी हैं, जबकि 100 से ज्यादा उड़ाने लेट होने की खबर है। दिल्ली आने-जाने वाली 15 ट्रेनें देर से चलीं, जबकि दो के टाइम में बदलाव करना पड़ा। लेकिन न्यूनतम तापमान में मामूली वृद्धि, हवा के मंद पड़ने और चटख धूप के चलते राजधानीवासियों और आसपास के इलाकों में रहने वालों को भीषण सर्दी से कुछ राहत मिली है। न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, अधिकतम तापमान भी 16 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहा। सोमवार को न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 15.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

### तलाक मामले में हाईकोर्ट का अहम फैसला, कहा-

## पत्नी गुटखा और मांस खाए शराब पीए तो यह प्रताड़ना

**बिलासपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर हाईकोर्ट ने तलाक से जुड़े एक मामले में अहम फैसला दिया है। हाई कोर्ट ने कहा है कि पत्नी अगर पुरुषों की तरह पान मसाला, गुटखा खाती है। शराब के साथ मांस खाकर पति को तंग करती है, तो यह क्रूरता है। जस्टिस गौतम भादुड़ी और राधाकिशन अग्रवाल की पीठ ने इन आधारों पर पति को तलाक मांगने का अधिकारी बताया है। दरअसल, कोरबा जिले के बांकीमोंगरा के युवक की कटघोरा की युवती से मई, 2015 में शादी हुई थी। शादी के सात दिन बाद पत्नी बिस्तर में बेहोश प?ी थी। पति उसे इलाज कराने के लिए लेकर गया, तो पता चला कि वह शराब पीने के साथ ही नॉनवेज और गुटखा खाने की आदी थी। इसे लेकर परिजनों ने उसे बहुत समझाया।



### बेडरूम में कहीं भी थूक देती थी पत्नी

इसके बावजूद वह नहीं मानी और पत्नी ससुरालवालों से दुर्व्यवहार करने लगी। इस वजह से पति ने तंग आकर तलाक का फैसला लिया और अदालत का दरवाजा खटखटाया। युवक की ओर स दायर याचिका में बताया गया कि महिला गुटखा खाकर बेडरूम में कहीं भी थूक देती थी। मना करने पर झगड़ा करती थी। महिला ने 30 दिसंबर, 2015 को खुद को आग लगाकर आत्महत्या की भी कोशिश की।



## तुनिषा के बाद 22 साल की लीना नागवंशी ने की आत्महत्या

### इंस्टाग्राम पर थे 1 लाख फॉलोअर्स

**रायगढ़, ईएमएस ।** अभिनेत्री तुनिषा शर्मा के बाद अब 22 साल की सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर लीना नागवंशी ने भी आत्महत्या कर ली है। आपको बता दें कि लीना नागवंशी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती थी और इंस्टाग्राम पर उनके 1 लाख से भी ज्यादा फॉलोअर हैं। लीना फिलहाल बीकॉम थर्ड ईयर की पढ़ाई कर रही थी।सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर लीना नागवंशी ने छत्तीसगढ़ की रहने वाली थी और उन्होंने रायगढ़ जिले में अपने ही घर में आत्महत्या कर ली। पुलिस को लीना की लाश छत से फंदे से लटकी मिली। परिजनों से सूचना मिलने पर जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो शव को नीचे उतारा गया। यह घटना रायगढ़ के केलो विहार कॉलोनी की बताई जा रही है। चक्रधर नगर थाने के सब इंस्पेक्टर के मुताबिक जब एक बजे सूचना मिली कि केलो विहार कॉलोनी में रहने वाली 22 वर्षीय सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर लीना नागवंशी ने छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में आत्महत्या कर ली है।

## पीएम मोदी की मां हीराबा की तबियत बिगड़ी


## अहमदाबाद के अस्पताल में भर्ती



**अहमदाबाद, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा की अचानक तबीयत बिगड़ गई है। हीराबा को मंगलवार रात को अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में भर्ती किया गया है। शुरुआती रिपोर्ट्स हैं कि हीराबा को रूटीन चेकअप के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया है। पीएम मोदी गुजरात चुनाव के मतदान के दौरान 4 दिसंबर को गांधीनगर में अपनी मां हीराबेन से मिले थे। इस दौरान उन्होंने मां के पैर छूकर आशीर्वाद लिया था और उनके साथ बैठकर चाय पी थी। गुजरात चुनाव से पहले मोदी अपनी मां से 18 जून को उनके 100वें जन्मदिन पर मिले थे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब 11 और 12 मार्च को दो दिनों के गुजरात दौरे पर थे तो 11 मार्च को रात नौ बजे मां हीराबा से मिलने गांधीनगर पहुंचे थे।




## पप्पू कहने वालों को राहुल गांधी का जवाब



## मेरी दादी को भी कहा गया था गूंगी गुड़िया

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने खुद को पप्पू कहने वालों को जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि मुझे ऐसी बातों से कोई फर्क नहीं पड़ता है, यह प्रोपेगेंडा कैंपेन का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह उन लोगों के दिलों में क्या है उसे दिखाता है। उन के दिल में डर है। वे परेशान और नाखुश हैं। एक इंटरव्यू में राहुल गांधी ने इस दौरान अपनी दादी और पूर्व पीएम इंदिरा गांधी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी की भी आयरन लेडी कहे जाने से पहले गुंगी गुड़िया कहा जाता था। आज जो मुझे दिन राम कोसते हैं वही लोग उन्हें गंगी गुड़िया कहते थे और अचानक वह आयरन लेडी बन गई थी। यह हमेशा आयरन लेडी ही थी। राहुल गांधी ने कहा, मैं कोई भी नाम लेने वालों का स्वागत करता हूं। मुझे अच्छा लगता है। कृपया नाम ज्यादा से ज्यादा लें।ज्राहुल गांधी का यह इंटरव्यू भारत जोड़ो यात्रा के दौरान ही उस वक्त लिया गया था, जब वह मुंबई में थे। राहुल गांधी ने कहा कि मैं किसी भी बात की चिंता नहीं करता। आप चाहें मुझे कह सकते हैं। मैं उससे परेशान नहीं होता। इंटरव्यू में इंदिरा गांधी के बारे में बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा, उन्हें आयरन लेडी कहने से पहले गूंगी गुड़िया कहा जाता था। वही लोग जो आ मुझ पर हमले करते हैं, उन्हें गुंगी गुड़िया कहते थे फिर अचानक वह गुंगी गुड़िया आयरल लेडी बन थी।

### मेरी फोटो दिखाकर लेते हैं लोधियों के वोट

## उमा भारती बोलीं- मैं नहीं कहती कि तुम भाजपा को वोट करो, खुद निर्णय लो



**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश की पूर्व सीएम और बीजेपी की फायर ब्रांड नेता उमा भारती का एक बड़ा बयानआया है जिसमें कहा है कि चुनाव के समय मेरी फोटो दिखाकर लोधियों के वोट लिए जाते हैं। सभाओं में मैं भाजपा के लिए वोट मांगूंगी, क्योंकि मैं पार्टी की निष्ठावान सिपाही हूं। फिर भी आप अपना हित देखकर वोट देना, क्योंकि आप भाजपा के निष्ठावान सिपाही नहीं हैं।उमा भारती रविवार को लोधी-लोधा समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने संबोधित भी किया। इसका वीडियो मंगलवार को सामने आया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा से निकाले जाने का उनका दर्द भी फिर छलक उठा। परिचय सम्मेलन के दौरान उमा भारती बेबाकी से बोलीं। उमा ने कहा- मैं अपनी पार्टी के मंच पर आऊंगी। लोगों का वोट भी मांगूंगी। मैं कभी नहीं कहती कि लोधियों, तुम भाजपा को वोट करो। मैं तो सबको कहती हूं कि तुम भाजपा को वोट करो, क्योंकि मैं तो पार्टी की निष्ठावान सिपाही हूं। मैं आप से नहीं कहती कि आप पार्टी के निष्ठावान सिपाही रहो। आपको अपने हित देखना है। हम प्यार के बंधन में बंधे हैं, लेकिन राजनीति के बंधन से आप आजाद हैं। मैं आऊंगी उम्मीदवार के पक्ष में बोलूंगी, वोट मांगूंगी। लेकिन, आपको उसी उम्मीदवार को वोट देना है, जिसने आपका सम्मान रखा हो, जिसने आपको उचित स्थान दिया हो।

### लोधी समाज के लोगों को दी सलाह

उमा भारती ने कहा कि मैं कई बार कह चुकी हूं कि जब मैं प्रचार करने आती हूं, तो मेरा आग्रह है कि मुझे फोन नहीं करना कि यहां मत आइए। मुझे सब जगह जाना होता है, लेकिन भाषण सुनने के बाद भी आपको तय करना है कि आपको वोट देना है या नहीं। मैं आपको कई बार इस बंधन से मुक्त कर चुकी हूं कि मेरा फोटो देखकर, भाषण सुनकर वोट नहीं दें। मैं आपको गिरवी नहीं रख सकती। मेरी सभा के बाद आपको पट्टे में लिख दिया गया है, यह मैं नहीं कर सकती।

# जबलपुर में एक जनवरी से शुरू होगा अग्निवीरों का प्रशिक्षण



**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर में करीब दो महीने तक चली अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया अब प्रशिक्षण के स्तर पर पहुंच चुकी है। जबलपुर भर्ती केंद्र में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के करीब 415 युवाओं का अंतिम चयन हुआ, जिनको प्रशिक्षण के लिए देश के दूसरे रेजीमेंटल केंद्रों में रवाना किया जा चुका है। इसी तरह से देश के अन्य भर्ती क्षेत्रों से भर्ती अग्निवीर जबलपुर के रेजीमेंटल सेंटरों में आ रहे है। देश के सभी प्रशिक्षण केंद्रों पर अग्निवीरों का प्रशिक्षण एक जनवरी 2023 से एक साथ शुरू हो रहा है। किस भर्ती क्षेत्र के किन अग्निवीरों की ट्रेनिंग कहां से होना है, इसका निर्णय दिल्ली स्थित आर्मी हेडक्वार्टर से लिया जा रहा है।मध्यभारत एरिया के मुख्यालय जबलपुर में तीन ट्रेनिंग सेंटर हैं, जो जैक, ग्रेनेडियर्स और सिग्नल ट्रेनिंग सेंटर 1-एसटीसी में हैं। जबलपुर में भर्ती भले ही 415 अग्निवीरों की हो रही हो, लेकिन यहां प्रशिक्षण 3000 से ज्यादा अग्निवीरों को दिया जाएगा। बता दें कि जबलपुर सेना के जवानों की ट्रेनिंग के सबसे बड़े सेंटरों में शामिल है। तीनों प्रशिक्षण केंद्रों की क्षमता एक-एक हजार से ज्यादा है। मेजर नवीन कुमार ने बताया कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के लगभग 415 युवाओं का अंतिम चयन हुआ था, जिन्हें प्रशिक्षण के लिए अन्य प्रशिक्षण केंद्रों के लिए रवाना कर दिया गया है। जबलपुर के रेजीमेंटल सेंटरों में अन्य भर्ती केंद्रों के अग्निवीर आ रहे हैं।

## तकनीक के माध्यम से फसल उत्पादन का अनुमान महत्वपूर्ण अनुप्रयोग : कुलपति डॉ. मिश्रा

### 21 दिवसीय सुदूरसंवेदन एवं भौगोलिक सूचना तंत्र विषय पर प्रशिक्षण संपन्न



**जबलपुर यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (नाहेप) के तहत 16वीं 21 दिवसीय प्रशिक्षण सुदूर संवेदन एवं भौगोलिक सूचना तंत्र का कृषि में अनुप्रयोगज विषय पर आयोजित प्रशिक्षण का कुलपति डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य में समापन हुआ। इस दौरान कुलपति कुलपति डॉ पीके मिश्रा ने कहा कि कृषि क्षेत्र में प्राकृतिक संसाधनों की समस्याओं की पहचान करते हुए सुदूर संवेदन तकनीकी द्वारा उनका निदान करना होगा । साथ ही तकनीक के माध्यम से फसल उत्पादन का अनुमान लगाया जाना एक महत्त्वपूर्ण अनुप्रयोग है, इस तकनीक से आम किसान को फायदा होगा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अध्यक्षता कर रहे डॉ अतुल श्रीवास्तव अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय ने बताया कि यह तकनीक आने वाले भविष्य में महत्वपूर्ण है। आर.वी. एस. के. व्ही. व्ही. और जनेकृविवि मध्य प्रदेश से आए 25 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। जिन्हें सतत् 21 दिवस तक सैद्धांतिक व व्यवहारिक प्रशिक्षण के साथ ही रिमोट सेंसिंग एवं जी. आई एस तकनीक के सॉफ्टवेयर का बेहतर उपयोग एवं कृषि के क्षेत्र व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सौरभ नेमा, डॉ. शैलेश शर्मा सह समन्वयक द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन नाहेप परियोजना के प्रमुख समन्वयक डॉ आर के नेमा ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. एम के अवस्थी, डॉ. वाय. के. तिवारी डॉ एम एल साहू एवं डॉ सी एम. एब्रॉल का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।




## युवा बनाएं, अपनी युवा नीति

### मध्यप्रदेश युवा नीति पर कार्यशाला आयोजित

**जबलपुर,यशभारत।** उच्च शिक्षा विभाग म.प्र शासन द्वारा वर्तमान परिप्रेक्ष में युवाओं के लिए नवीन राज्य युवा नीति तैयार करने का निर्णय लिया गया है। शासकीय महाकोशल कला एवं वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर में च्च्युवा बनाएं, अपनी युवा नीतिज्ज मध्यप्रदेश युवा नीति पर आज कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. ए.सी. तिवारी ने बताया कि सरकार नीति निर्धारण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी चाहती है, जिससे शिक्षा, रोजगार एवं कौशल विकास और सामाजिक सरोकर जैसे युवाओं के भविष्य का रोडमैप तैयार किया जाएगा। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग, जबलपुर ने बताया कि कार्यशाला में विद्यार्थियो को बताया गया कि प्रदेश की युवा नीति कैसी हो, इसमें युवाओं की क्या भूमिका होगी। कार्यशाला में विद्यार्थी आशी तिवारी ने कहा कि शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय की फीस में समानता होनी चाहिए। संदीप चौधरी ने कहा कि स्वरोजगार के लिए बैंको द्वारा लोन की प्रकिया सरल होनी चाहिए। जिससे विद्यार्थी अपना स्वयं का रोजगार शीघ्र प्रारंभ कर सकें। आकांक्षा कुशवाहा ने कहा कि युवाओं को देश सेवा एवं सुरक्षा के लिए प्रेरित करना चाहिए। अमन काछी ने कहा कि महाविद्यालयों में रोजगार एवं स्वरोजगार के क्षेत्रों की जानकारी की विस्तृत जानकारी दी जाये। इस अवसर पर डॉ. शिवचंद्र वल्के, डॉ. तृप्ति उकास एवं राज शर्मा युवा उद्यमी के साथ महाविद्यालय के लगभग 85 विद्यार्थी उपस्थित रहें।

### जनेकृविवि के 11 विद्यार्थियों का मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में चयन

## कैम्पस इंटरव्यू में 11 छात्रों का हुआ सलेक्शन

**जबलपुर, यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित परियोजना ग्रामीण क्षेत्रों विशेषकर ग्रामीण महिलाओं में आत्मनिर्भरता लाने के उद्देश्य से च्च्मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशनज्ज भोपाल द्वारा कैम्पस इंटरव्यू का आयोजन गत दिवस किया गया। प्लेसमेंट सेल प्रभारी ने बताया कि प्रथम चरण में संस्था के अधिकारियों द्वारा परियोजना के उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में युवा किसानों को खेती से संबंधित उद्योगों की स्थापना से अवगत कराते हुए विद्यार्थियों को विस्तार से बताया गया प्रथम चरण में ऑनलाईन इंटरव्यू से भोपाल के विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों का ऑनलाईन साक्षात्कार लिया गया। दूसरे चरण में भोपाल से पधारे राजेश चौधरी (प्रदेश समन्वयक) मनीष सिंह पवार एवं श्री लोकेश कुशवाह द्वारा विद्यार्थियों का व्यक्तिगत साक्षात्कार लिया गया।

## अंतर जिला अंडर 15 क्रिकेट कटनी फाइनल में

**जबलपुर,यशभारत।** संभागीय क्रिकेट संघ के तत्वावधान में रानीताल क्रिकेट मैदान में आयोजित अंतर जिला अंडर 15 दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में कटनी ने नरसिंहपुर के खिलाफ पहली पारी में बढ़त के आधार पर दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। जेडीसीए सचिव धर्मेश पटेल के अनुसार दूसरे दिन 3 विकेट पर 56 रन से आगे खेलते हुए नरसिंहपुर जिले ने पहली पारी में सभी विकेट गंवा कर मात्र 86 रन बनाए, जिससे कटनी जिले को पहली पारी में 115 रन की महत्वपूर्ण बढ़त मिली। नरसिंहपुर जिले से यशोधन दुबे ने नाबाद 26 रन बनाए । कटनी जिले से हर्ष मंगलानी ने 19.1 ओवर में 30 रन देकर 8 विकेट लिए । कटनी जिले ने दूसरी पारी में 4 विकेट पर 73 रन बनाए। यश तिवारी ने 26 तथा लकी मेहरा ने 24 रन का योगदान दिया। नरसिंहपुर जिले से यशोधन दुबे ने 2 विकेट लिए। 28 से 29 दिसंबर तक फाइनल मुकाबला जबलपुर और कटनी जिले के मध्य प्रातः 9 बजे से खेला जाएगा।




## वरिष्ठ उद्घोषक प्रदीप दुबे को श्रद्धांजलि

**जबलपुर, यशभारत।** संस्कारधानी आर्टिस्ट फोरम जबलपुर के द्वारा स्वर्गीय श्री प्रदीप दुबे वरिष्ठ उद्घोषक जबलपुर की स्मृति में हैप्पी न्यू ईयर मेला रंगमंच पर श्रद्धांजलि भावांजलि पुष्पांजलि अर्पित की । इस मौके पर विवेचना नाट्य मंडल के हिमांशु राय ,बांके व्यवहार , रजनीकांत त्रिवेदी, जादूगर एस के निगम,विजय जयसवाल ,पप्पी साहू ,बबलू मैथ्यूज रामू श्रीवास्तव रवि श्रीवास्तव भीम सिंह दीवान मुन्ना गुर्जर , अनिल श्रीवास्तव रंजीत राय राजेंद्र कोरी अनिमेष देवक, महमूद अली, आनंद यादव मयंक विश्वकर्मा अवनी विश्वकर्मा, पशन श्रीवास्तव , राजेश, प्रवीण सूद , तुलसी राय, दीपक राजानी, इत्यादि कलाकारों के द्वारा स्वर्गीय श्री प्रदीप दुबे को श्रद्धांजलि पुष्पांजलि अर्पित की।

## कंबल एवं गर्म कपड़ों का वितरण

**जबलपुर, यशभारत।** प्राश्रय वेल्फेयर फाउंडेशन का लक्ष्य है समाज के कमजोर वर्ग को शिक्षा, चिकित्सा,वस्त्र तथा आसरा मुहैया कराना इसी कड़ी में टीम आश्रय द्वारा पूरे भारत में प्रोजेक्ट परिधान चलाया जा रहा है जिसमें वह देश के 20 से ज्यादा प्रदेशों में कंबल एवं गर्म कपड़ो का वितरण कर रहे है। टीम आश्रय एवं माइक जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में वृहद स्तर पर कंबल एवं गर्म कपड़ो का वितरण किया गया। जिसमे जबलपुर के विभिन्न क्षेत्रों जैसे मदन महल स्टेशन, दमोह नाका बस्ती, कचपुरा ब्रिज, मुख्य रेलवे स्टेशन, हाई कोर्ट चौराहा, गोहलपूर ,आधारताल शास्त्री ब्रिज आदि मे 250 से अधिक जरूरतमंदों को सर्दी से बचाव हेतु कंबल एवं गर्म कपड़ो का वितरण किया गया। इस सेवा भावी कार्य मे जबलपुर आश्रय टीम से समर्थ जैन, खुशी विश्वकर्मा, अभिषेक शर्मा, मुस्कान सोनी, हर्ष विश्वकर्मा, निधि तिवारी, विवेक नरोना, मनीष और



माइक जबलपुर से हर्ष मिश्रा, शुभम , प्रज्ञा का भरपूर सहयोग रहा।

## ओपन पंजा कुश्ती में भाग ले रहे 200 खिलाड़ी

**जबलपुर,यशभारत।** भाजपा खेल प्रकोष्ठ द्वारा ओपन पंजा कुश्ती प्रतियोगिता गुलौ आताल में किया जा रहा है। इसमें 200 पुरुष एवं महिला खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर युवा मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष जी एस ठाकुर, पूर्व मंत्री हरेंद्र जीत जब सिंह बब्बू, खेल प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक दिग्विजय गुजराल, आशुतोष 16 मिश्रा, हर्ष गोस्वामी, जय यादव आदि उपस्थित रहे।

## कड़ाके की ठंड से होगी नूतन वर्ष की अगवानी



**जबलपुर, यशभारत।** पहाड़ों में हो रही बर्फबारी से जबलपुर सहित संभाग के जिले एक बार फिर ठंड की चपेट आने लगे हैं। मौसम विभाग के अनुसार तापमान स्थिर है, पर पहाड़ों से आ रही ठंडी हवाओं से वातावरण में ठंडक घुल रही है। हवा का रुख कभी उत्तरी तो कभी उत्तरी पश्चिमी बना हुआ है। आने वाले दिनों में जब हवा का रुख पूरी तरह से उत्तरी होगा तब तापमान में गिरावट आएगी और ठंड का असर बढ़ जाएगा। नव वर्ष में कड़ाके की ठंड पड़ने लगेगी। ठंड के पलटवार से एक दिन पहले मंगलवार को भी सुबह से ही ठंडी हवाएं लोगों को सिहराती रहीं। रात हुई तो ठंड का असर बढ़ गया। लोग गर्म कपड़ों में नजर आए वहीं कई जगह लोग अलाव जलाकर ठंड से बचते दिखे। मौसम विभाग की माने तो वर्तमान में हवाओं का रुख उत्तरी व उत्तर-पश्चिमी बना हुआ है। एक पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय हो रहा है, जिससे तापमान कुछ संभलेगा। तापमान आंशिक रूप से बढ़ भी सकता है। मौसम प्रणाली के आगे बढ़ने पर हवा के ऊपरी भाग के चक्रवात के रूप में परिवर्तित होने पर पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी व वर्षा होने की संभावना है। इसके असर से तापमान में तेजी से गिरावट आएगी और लोग कड़ाके की ठंड महसूस करेंगे। वातावरण में घुली ठंडक से मंगलवार को अधिकतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस से करीब एक डिग्री कम होकर 24.4 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री पर स्थिर रहा। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तामपान 26.2 और न्यूनतम 11.5 डिग्री दर्ज किया गया था।

## वीर बाल दिवस एवं युवा नीति पर संगोष्ठी




**जबलपुर यशभारत।** श्रीजानकीरमण कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में आज वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया वीर बाल दिवस का आयोजन गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्रों के बलिदान को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी के चारों पुत्रों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह का स्व के दिया गया बलिदान प्रेरणादायी है। साहबजादों का बलिदान छात्रों एवं हमें यह प्रेरणा देता है कि देश और धर्म की रक्षा के लिए हमें सर्वस्व न्योछावर करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. शक्ति सिंह मंडलोई ने कहा कि छात्रों पर अब गंभीर जिम्मेदारी केंद्र सरकार ने सौंपी है अब स्वयं के लिए नई शिक्षा नीति में आवश्यक संशोधन एवं विचार रखें जिससे देश का नव निर्माण हो सके विशिष्ट अतिथि डॉ. अंजली शुक्ला एवं जिला संगठक रासेयो, डॉ.आनंद सिंह राणा ने भी वीर बाल दिवस एवं मध्य प्रदेश युवा नीति पर अपने विचार रखे। विद्यार्थियों द्वारा भी विभिन्न सुझाव दिए गए, जिन्हें संकलित किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन तरुण मिश्रा एवं आभार श्रीमती राधा झारिया ने किया इस अवसर पर छात्रा सीमा शुक्ला , प्रिया नामदेव, समीक्षा ढीमर , सौरभ रैकवार , प्राची सोनी ने वीर दिवस पर अपने विचार रखें कार्यक्रम में डॉक्टर गंगाधर त्रिपाठी ,श्रीमती राधा झारिया श्रीमती नीना चौबे प्रियंका यादव अनुपमा पाठक की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## नगर की मानसी मप्र की सब जूनियर कबड्डी टीम में



**जबलपुर, यशभारत।** मप्र अम्येच्योर कबड्डी संघ द्वारा सब जूनियर नेशनल प्रतियोगिता बालिका वर्ग का कोचिंग कैम्प चाक घाट ( रीवा) में बीते 17 से 24 दिसम्बर तक आयोजित किया गया था। इस कैम्प शामिल जबलपुर एकेडमी की मानसी सैनी का चयन उनके शानदार खेल की बदौलत सबजूनियर नेशनल प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश की टीम में किया गया है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 27 से 30 दिसम्बर तक आयोजित की जा रही है। इस उपलब्धि पर संघ के सचिव मोहन चौहान, अध्यक्ष दीपक जोशी, उपाध्यक्ष जगदीश त्रि शर्मा, शानू यादव, पुष्पा रघुवंशी, प्राचार्य रुकमणि कनौजिया, मुकेश श्रीवास्तव आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

## क्रिसमस संध्या आयोजित



**जबलपुर, यशभारत।** सेंट जॉर्ज ऑर्थोडॉक्स सीरियन चर्च, रिज रोड जबलपुर में क्रिसमस सम्मेलन संध्या का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि के रूप में रेव. फादर संजू जॉन भोपाल से पधारे। शहर के अन्य चार मुख्य चर्चों ने अपनी भागीदारी प्रस्तुत की। सेंट अंड्रस मारथोमा चर्च, मारथोमा चर्च खमरिया और मार ग्रिगोरियस ऑर्थोडॉक्स सीरियन चर्च हाथीताल के विश्वासियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। चारों चर्च की विश्वासियों ने मनोहर कैरोल गीत गाए। संडे स्कूल छात्रों द्वारा सुंदर नृत्य और यीशु के जन्म की मनोहारी नाटिका प्रस्तुत की। एमजीएम चर्च हाथीताल के रेव. फादर जॉबी पीटर, सेंट एंड्रयूज मार्थोमा चर्च के रेव. फादर बीजू साम,सेंट जॉर्ज ऑर्थोडॉक्स चर्च के रेव. फादर शाजी पी. जोशुआ ने क्रिसमस संदेश एवं प्रार्थना कर सभी विश्वासियों को अनुग्रहित किया।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारी फिर हुए लामबंद

**जबलपुर,यशभारत।** पुरानी पेंशन योजना बहाली को लेकर एक बार फिर कर्मचारी लामबंद होने लगे हैं। मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग करते हुए ये आरोप भी लगाया कि शासकीय कर्मचारी 30 वर्षों तक सेवा कर रहे उन्हें पेंशन से वंचित किया जा रहा है जबकि एक बार सांसद, विधायक बनने पर आजीवन पेंशन दी जा दी है। संघ के प्रांतीय महामंत्री योगेंद्र दुबे ने जारी बयान में बताया कि राज्य शासन द्वारा पुरानी पेंशन योजना समाप्त कर जनवरी 2005 के बाद नियुक्त अधिकारी,कर्मचारियों के लिए नवीन पेशन योजना आरंभ की है। कर्मचारियों के वेतन से प्रतिमाह कटौती कर उस पैसे को शासन द्वारा बाजार में उपयोग किया जाता है उसी पैसे को ब्याज सहित पेंशन के रुप में प्रतिमाह 1000-2000 सेवा निवृत्त कर्मचारियों को मिल पाती है। वहीं एक बार के निर्वाचित सांसदों एवं विधायकों को आजीवन पेंशन दी जा रही है। जब देश में एक संविधान सभी नागरिकों को समानता का अधिकार देता है तो एक देश में दो प्रकार की पेंशन योजना क्यों लागू की गई है? संघ के अर्वेद्र राजपूत, अवधेश तिवारी, अटल उपाध्याय, मुकेश सिंह, मंसूर बेग, आलोक अग्निहोत्री, मनोज सेन, योगेंद्र मिश्रा, प्रकाश सेन, महेश कोरी, श्यामनारायण तिवारी, विनय नामदेव, प्रियांशु शुक्ला, पवन ताम्रकार, दीपक सोनी, संतोष तिवारी, गणेश उपाध्याय, धीरेंद्र सोनी आदि ने नवीन पेंशन योजना समाप्त कर पुरानी पेशन योजना पुनः लागू करने की मांग की है।



कर्मचारी जगत

### 30 दिसंबर को शक्ति भवन का घेराव करेंगे विद्युत पेंशनर

**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश शासन की विद्युत पेंशनर्स विरोधी नीति एवं छह कंपनियों के द्वारा देय 11 प्रतिशत महंगाई राहत सहित अन्य मांगों को लेकर मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत मंडल कर्मचारी जनता यूनियन द्वारा 30 दिसंबर को प्रातः 10 बजे शक्ति भवन का घेराव व प्रदर्शन किया जाएगा। यूनियन के केंद्रीय प्रवक्ता मोहन अग्रवाल ने जारी बयान में बताया कि प्रदेश में विद्युत पेंशनर्स 55 हजार से अधिक हैं जो लंबे समय से मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। यूनियन के एमएल चौकसे, विजय चौकसे, आर एस सक्सेना, सुधीर खरे, दिनेश चौधरी, लल्लू प्रसाद पटेल, ए.एन तिवारी, लालजी सोनी, कालूराम पाल आदि पेंशनरों से प्रातः 10 बजे शक्ति भवन पहुंचने कीअपील की है।

**ये आवश्यक है-** पेंशनरों ने एरियर भुगतान सहित पांच सूत्रीय मांग पत्र सीएम को सौंपा-पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश भोपाल के प्रतिनिधि मंडल ने भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट की और 32 एवं 27 माह के एरियर भुगतान सहित अन्य पांच सूत्रीय मांगो को लेकर मांग पत्र सौंपा। एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष एड राजकुमार दुबे ने जारी बयान में बताया कि मांग पत्र में एरियर, पेंशनरों को आयुष्मान योजना का लाभ देने, केंद्र के समान 30 प्रतिशत महंगाई राहत देने, राज्य पुर्नगठन अधिनियम 2000 की धारा 49 विलोपित करने सहित मंदसौर विधायक द्वारा रखे से अशासकीय संकल्प पत्र को पारित किया गया है उसक पालन कराने की मांग की गई। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि मांगों को जल्द स्वीकृत किया जाएगा। इस अवसर पर आरएस तरेटिया,कार्यकारी प्रांताध्यक्ष गीता भारद्वाज, आरबी सग्गर, आरपी कोरी आदि उपस्थित रहे।

### विगत 5 वर्षो की जीपीएफ सिलिप भी महालेखाकार ग्वालियर के पोर्टल पर दी जाए

**जबलपुर,यशभारत।** जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने बताया कि प्रदेश के कर्मचारियों को ग्वालियर से जीपीफ सिलिप ऑनलाईन प्रतिवर्ष प्राप्त होती है परंतु सिर्फ एक वर्ष की प्राप्त होती है वह भी कभी कर्मचारी द्वारा मिस हो जाती है तो दूसरे वर्ष नहीं निकल पाती है और ना ही कार्यालय में मिल पाती है . जिससे कर्मचारी परेशान होता है । एवम कई गुमुशुदा कटोत्रे का समायोजन नहीं हो पाता. ऐसे में संघ मांग करता है कि कर्मचारियों की जीपीफ सिलिप विगत 5 वर्षो की पोर्टल पर उपलब्ध कराई जाए संघ के जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, राकेष श्रीवास, हेमंत ठाकरे, दिनेश गौड़, एनोस विक्टर, सुनील झारिया, उमेष सिंह ठाकुर विनय रामजे, रॉबर्ट फ्रांसिस, धनराज पिल्ले, संघ ने बताया कि कर्मचारियों को अपना जीपीफ निकलवाने के लिए तीन साल की जीपीफ सिलिप की आवश्यकता होती है ऐसे ही लोन और अन्य शासकीय कार्यो के लिए भी जीपीफ सिलिप की आवश्यकता पड़ती है अतः कर्मचारियों को विगत 5 वर्षो की जीपीफ सिलिप पोर्टल पर उपलब्ध कराई जाए ।



# ट्रेनें खचाखच, आरक्षित कोचों की जनरल जैसे स्थिति, वेटिंग 100 के पार पहुंची

जबलपुर यश भारत। नए वर्ष के आवाज एवं शीतकालीन की छुट्टियां होने के कारण ट्रेनों में बढ़ती भीड़ के कारण रेल यात्री चढ़ नहीं पा रहे हैं जबलपुर से गंतव्य जाने वाली बस अभी फुल चल रही है वही जबलपुर से होकर गुजरने वाली ट्रेनों में यात्रियों के कारण गहमा–गहमी देखने को मिल रही है वही जबलपुर से बनने वाली ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट 100 के पार पहुंच रही है यात्री वेटिंग टिकट लेकर यात्रा करने को मजबूर है वही कुछ यात्री जिनको लंबी दूरी की यात्रा तय करनी है उनकी टिकट कंफर्म ना होने के कारण वह अपनी यात्रा को रद्द कर रहे हैं विभिन्न ट्रेनों के कोच में रेल यात्रियों की खासी भीड़ रही।

सामान्य और स्लीपर कोच का सबसे बुरा हाल है। सबसे अधिक सामान्य बोगी के यात्रियों को कोच में चढ़ने के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है इसके साथ ही जिन यात्रियों का टिकट कंफर्म है उनको अपनी सीट तक पहुंचने के लिए काफी जद्दोजहद करना पड़ रही है कई यात्री भीड़ के कारण बोगी में नहीं चढ़ पा रहे हैं यात्रियों ने बताया कि रेलवे यात्रियों की मुश्किलों के बारे में सोचे बिना सीट से अधिक टिकट की बुकिंग कर रहा है जबकि ट्रेनों में सीट मिलना मुश्किल हो रहा है गंतव्य की यात्रा करने वाले यात्रियों ने बताया कि वहीं ज्यादा से ज्यादा मुनाफा के लिए रेलवे भी सुरक्षा को ताक पर रख सीट से अधिक टिकट की बुकिंग कर रहा है। जिसके कारण ट्रेनों में सीट के लिए मारामारी है जबलपुर से बन कर चलने वाली ट्रेनों में भी भीड़ के कारण कई यात्रियों को सीट नहीं मिल पा रही है कई ट्रेन में पांव रखने तक की जगह नहीं थी।

कई यात्रियों ने कोच के गेट पर बैठकर सफर किया ट्रेनों में स्लीपर, एसी के अलावा सामान्य श्रेणी के भी डिब्बे होते हैं। इनमें सामान्य श्रेणी के कोच का सबसे बुरा हाल है। क्योंकि, इनमें अनारक्षित टिकट पर यात्रा की जा सकती है। सामान्य डिब्बों में आमतौर पर बहुत ज्यादा भीड़ होती है। इनमें गरीब, प्रवासी मजदूर या फिर कम दूरी तय करने वाले लोग ही चढ़ते हैं। ये यात्री किसी तरह कम पैसों में घर पहुंच जाना चाहते हैं। वहीं स्लीपर कोच की भी स्थिति सामान्य श्रेणी की कोच की तरह ही हो गई है स्लीपर कोच में 72 सीट होती है लेकिन सफर कर रहे हैं 150 से 200 यात्री। जिस वजह से सीट से ज्यादा यात्री फर्श पर बैठकर या खड़े होकर सफर कर रहे हैं हालांकि ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट होने के कारण जबलपुर रेल मंडल द्वारा अनेक गाड़ियों में अतिरिक्त कोच भी लगाए जा रहे हैं बावजूद इसके भी बैटिंग की लंबी लिस्ट चल रही है।

## सीट न मिलने से यात्री फर्श पर बैठकर यात्रा करने मजबूर



### पमरे से सम्बन्धित ट्रेनों में शयनयान श्रेणी के कोच स्थाई रूप से बढ़ाए

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधाओं के लिए प्रतीक्षा सूची को क्लीयर करने के उद्देश्य से अतिरिक्त कोच स्थाई/अस्थाई रूप से लगाए जाते रहे हैं। इसी कड़ी में बांद्रा टर्मिनस-सहरसा-बांद्रा टर्मिनस एवं बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस दोनों हमसफ़र एक्सप्रेस ट्रेनों में 01-01 शयनयान श्रेणी का कोच स्थायी रूप*से बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। यह स्थाई कोच गाड़ी संख्या 22913 बांद्रा टर्मिनस-सहरसा हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन में बांद्रा टर्मिनस स्टेशन से 1.01.2023 से तथा गाड़ी संख्या 22914 सहरसा-बांद्रा टर्मिनस हमसफ़र एक्सप्रेस ट्रेन में सहरसा स्टेशन से 3.01.2023 से स्थाई रूप से लगाए जा रहे हैं। इस ट्रेन में स्थाई रूप कोच लगने से *पमरे के इटारसी,जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशन के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19091 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर हमसफ़र एक्सप्रेस ट्रेन में बांद्रा टर्मिनस स्टेशन से 02.01.2023 से तथा गाड़ी संख्या 19092 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस हमसफ़र एक्सप्रेस ट्रेन में गोरखपुर स्टेशन से 03.01.2023 से स्थाई रूप से लगाया जा रहा हैं। इस ट्रेन में स्थाई रूप कोच लगने से *पमरे के संत हिरदा रामनगर, विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, मैहर एवं सतना स्टेशन*के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा।कोच कंपोजीशन- शयनयान श्रेणी के 01 कोच बढ़ जाने से यह गाड़ी 12 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 07 शयनयान श्रेणी, 01 रसोईयान एवं 02 जनरेटर कार सहित 2 कोचों के साथ चलेगी। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा के दौरान कोविड-19 से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# मुन्ना लाल रजक बने जिला स्वास्थ समिति के कार्यकारी अध्यक्ष



**जबलपुर ,यशभारत।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष रविंद्र राय ने बताया कि मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ द्वारा इंडियन कॉफी हाउस रांझी में प्रदेश महामंत्री अजय कुमार दुबे जी की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला चिकित्सालय विक्टोरिया जबलपुर के मुन्ना लाल रजक को जिला स्वास्थ्य समिति का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। संघ के संभागीय संरक्षक राम कुमार मेहरा, प्रदेश आईटी सेल उपाध्यक्ष एवं संभागीय कार्यकारी अध्यक्ष विपिन पीपरे जी, संभागीय महामंत्री एवं संभागीय आईटी सेल अध्यक्ष सहदेव रजक जी, संभागीय सचिव प्रमोद कुमार जी, जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष रविंद्र राय, संभागीय सह सचिव प्रेम नारायण, अशोक कोटरवार, हबीब खान, वीरन मरावी, नब्बी लाल, रोहित बेन, आदि ने मुन्ना लाल रजक को बधाइयां प्रेषित की है।

# पैदल जा रहे युवक को बेकाबू कार ने कुचला

**जबलपुर, यशभारत।** तिलवारा की चरगवां रोड में पैदल जा रहे एक युवक को बेकाबू कार सवार ने बीच रास्ते कुचल दिया। हादसे के दौरान युवक हवा में उछलकर रोड से दस फिट दूर जा गिरा। जिसके सिर में गंभीर चोट आई। आनन-फानन में पत्नी ने मेडिकल कॉलेज में पति को भर्ती करवाया, लेकिन अधिक खून बहने के कारण पति को डॉक्टरों ने चैक कर मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि श्रीमती राजवती गौंड़ ठाकुर 26 वर्ष निवासी ग्राम पिण्डरई ने बताया कि वह मजदूरी करके घर वापस आयी उसी समय उसके भतीजे प्रमोद ने आकर बताया कि पति का जोधपुर पड़ाव नहर के पास, चरगवां रोड पर किसी फोर व्हीलर वाहन से एक्सीडेण्ट हो गया है, तुरंत वह अपने भाई संतोष के साथ जोधपुर पड़ाव नहर के पास पहुंची तो देखी उसका पति राजेश गोंड़ ठाकुर बेहोशी हालत में पडे थे जिनके मुंह से खून निकल रहा था, सूचना पर पहुंची डायल 100 से पति को जख्मी हालत में मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंची, जहां डॉक्टर ने चैक कर उसके पति राजेश ठाकुर 35 वर्ष को मृत घोषित कर दिया।




### बिजली दर निर्धारण के लिए सुप्रीम कोर्ट ने तय किए थे मापदंड

# बगैर मापदंड बनाए नियामक आयोग ने शुरु की प्रक्रिया

**जबलपुर यशभारत।** मप्र विद्युत नियामक आयोग को बिजली के रेट निर्धारण हेतु नए सिरे से दर निर्धारण के मापदंड तय करना होगा क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने 23 नंवबर को सभी राज्यों के नियामक आयोगों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि आदेश जारी होने के दिन से 3 माह के भीतर विद्युत अधिनियम की धारा 61 तथा राष्ट्रीय बिजली नीति को ध्यान में रखते हुए टैरिफ निर्धारण के नए रेग्युलेशन बनाए लेकिन मप्र विद्युत नियामक आयोग ने बगैर मापदंड बनाए बिजली के रेट निर्धारण करने की प्रक्रिया शुरु कर दी तथा बिजली कंपनियों द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर 21 दिसंबर को सार्वजनिक सूचनाएं भी जारी कर दी हैं। आयोग की यह प्रक्रिया गलत है उसे रोके यह पत्र नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ.पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने सचिव विद्युत नियामक आयोग को भेजा है। बिजली कंपनियों द्वारा आयोग को प्रस्तुत रेट बढ़ाने के प्रस्ताव में प्रदेश पारेषण खर्च 4 हजार 335 करोड़ हुआ जो कुल खर्च 47 हजार 698 करोड़ में जोड़ा गया है। इस पारेषण खर्च की गणना पूर्व के मापदंडों के तहत की गई थी जबकि यह गणना सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत तय किए गए मापदंडों के तहत होना चाहिए थी इस घोर गलती के कारण बिजली कंपनियों द्वारा दर्शाए गए 1 हजार 537 करोड़ के घाटे की भरपाई करने हेतु बिजली दर बढ़ाने की प्रक्रिया पूर्णतः गलत हो गई है। डॉ.पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने बताया है कि जब सुप्रीम कोर्ट ने 23 नवंबर को निर्देश जारी किए थे तब उसके बाद बिजली के रेट बढ़ाने के प्रस्ताव पर 6 दिसंबर को ही आनन-फानन में सुनवाई कर उनके प्रस्ताव को विचारार्थ स्वीकृत क्यों किया गया? मंच द्वारा सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की जानकारी 24 नवंबर को ही तत्काल प्रदान की गई थी लेकिन आयोग ने इसे संज्ञान में नहीं लिया।

# पूर्व मंत्री एवं विधायक सज्जन वर्मा का एयरपोर्ट में हुआ भव्य स्वागत

**जबलपुर, यशभारत।** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सज्जन वर्मा का एयरपोर्ट 9.30 आगमन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस जन एयरपोर्ट में उपस्थित होकर उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से श्री वर्मा विधायक संजय यादव के निवास में उनके स्वर्गीय पिता के शोक संतप्त परिवार को संवेदना देने दद्दा धाम पहुंचे तदुपरांत मंडला में कांग्रेस के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हो गए। उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता सम्मत सैनी एडवोकेट सत्येंद्र ज्योतिषी पूर्व विधायक निलेश अवस्थी राजेश तिवारी पप्पू खान अखिलेश शर्मा धन्नू दीक्षित डॉक्टर निलेश जैन बबुआ शुक्ला भेड़ाघाट नगर पंचायत के अध्यक्ष चतुर सिंहप्रदीप पटेल जिला पंचायत सदस्य गुल्लू खान राकेश सैनी एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# गुरुवाणी संग होगा नववर्ष का शानदार आगाज

**जबलपुर यशभारत।** श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पवित्र गुरुवाणी के साथ नववर्ष 2023 का शानदार आगाज होगा। आगामी 31 दिसंबर को गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार गोरखपुर में रात्रि 8ः00 बजे से अर्ध रात्रि 12ः00 बजे तक एक भव्य कीर्तन दरबार का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रख्यात रागी जत्था भाई रछपाल सिंह श्रीनगर वाले रागी जत्था भाई रणजीत सिंह गुरदासपुर पंजाब एवं विभिन्न विद्वतजन, गुरुवाणी कथावाचक पवित्र गुरु वाणी के साथ नववर्ष 2023 का शानदार आगाज करेंगे। और विदा लेते वर्ष का शुकराना किया जाएगा। इस मौके पर परंपरा से हटकर मिष्ठान चाय नाश्ता एवं विभिन्न प्रकार का गुरु का लंगर होगा। गुरुद्वारा प्रधान राजेंद्र सिंह छाबड़ा एवं समिति ने श्रद्धालुओं से सहयोग एवं उपस्थिति की अपील की है। श्री गुरु गोविंद सिंह जी जयंती 1 जनवरी 2023 को मनाई जाएगी इसका पहला कीर्तन दरबार 31 दिसंबर को रात्रि 7ः30 से गुरुद्वारा मदन महल में आरंभ हो जाएगा। सिख समाज का नववर्ष का यह प्रथम गुरु पर्व होगा जिसे अत्यंत ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस हेतु गुरुद्वारा सदर समिति द्वारा जोरदार तैयारियों का क्रम जारी है। उपनगरीय क्षेत्र रांझी में 29 दिसंबर को प्रकाशोत्सव मनाया जाएगा।

**नाम सुधार सूचना**

मैं अनुभूति जैन पति अखिलेश कुमार जैन यह घोषणा करती हूं कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम अनुभूति जैन पति अखिलेश जैन दर्ज है एवं मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम अनुभूति बादशा जैन पति अखिलेश कुमार जैन दर्ज है। अतः आज दिनांक से मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम सुधारकर अनुभूति जैन पति अखिलेश कुमार जैन दर्ज किया जाय और मेरा पूरा पता 151/152 मनमोहन नगर जबलपुर दर्ज किया जाये।।

**सही नाम**
**अनुभूति जैन पति अखिलेश कुमार जैन**

**पताः 151/152 मनमोहन नगर जबलपुर (मप्र)**

# भविष्य निधि कार्यालयों में प्रांत व्यापी धरना

### वेलफेयर एसोशिएशन के बैनर तले प्रदर्शन

**जबलपुर, यशभारत।** सुप्रीम कोर्ट के निर्णय दिनांक 25ः04.2018 के पश्चात क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको मे वाणिज्यिक बैंको के समान पेंशन लागू की गई है. पूर्व में ग्रामीण में कर्मचारियों को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा पेंशन दी जा रही थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के पश्चात अब क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में भी वाणिज्यिक बैंको के समान पैशन ग्रामीण बैंक में स्थापित पेंशन ट्रस्ट द्वारा दी जा रही है. बैंक कार्मिकों के कर्मचारी भविष्य निधि के खातों में जमा राशि को बैंक के पेंशन ट्रस्ट में अंतरित की जानी है परंतु कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा तीन वर्षों के बाद भी राशि अंतरित नहीं की गई है. पिछले 27 माह से भविष्य निधि कार्यालय सेवानिवृत कर्मचारियों को भविष्य निधि की राशि नहीं दी जा रही है और न बैंक के पेंशन ट्रस्ट में अंतरित की जा रही है. बैंक द्वारा कहा जा रहा है कि कर्मचारी भविष्य निधि द्वारा राशि अंतरित करने पर बैंक भविष्य निधि राशि का भुगतान कर सकेगा. इस प्रकार सेवानिवृत सेवायुक्तों को भविष्य निधि की राशि ना तो भविष्य निधि कार्यालय दे रहा है और न ही बैंक अन्य क्षेत्रीय भविष्य निधि कार्यालयों द्वारा भी भविष्य निधि की राशि देना बंद कर दिया गया है. अतः विरोधस्वरुप आज धरना दिया जा रहा है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर**
**लोककर्म विभाग, तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**

N.I.T. No./P.W.D./E-Tendering/PRO-604 दिनांक : 27.12.2022

पंजीकृत ठेकेदार/ मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिये आनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. | पैकेज/ कोड | कार्य का विवरण | जिला | अनुमानित लागत (लाख में) | निर्माण अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स.क्र. - 14 | संभाग क्र-14 अंतर्गत चार खम्बा से काली चाय कब्रिस्तान के पीछे होते हुए रद्दी चौकी तक नाली निर्माण एवं संभाग के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर खुले नाले को कवर करने का कार्य। | जबलपुर | रु. 46.19 लाख (छियालीस लाख उन्नीस हजार रु. मात्र) | 04 माह |

(1) इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना (NIT) का विवरण www.mptender.gov.in में देख सकते हैं। (2) निविदा प्रपत्र दिनांक 2/1/23 को प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 9/1/23 सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन निविदा क्रय जा सकती है।

**कार्यपालन यंत्री, संभाग क्र. 14,नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर**
**लोककर्म विभाग, पंचम निविदा आमंत्रण सूचना**

N.I.T. No./P.W.D./E-Tendering/PRO-598 दिनांक : 27.12.2022

पंजीकृत ठेकेदार/ मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिये आनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. | पैकेज/ कोड | कार्य का विवरण | जिला | अनुमानित लागत (लाख में) | निर्माण अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स.क्र. - 10 | संभाग क्र-10, रांझी के अन्तर्गत गोकलपुर वार्ड, अम्बेडकर वार्ड, शहीद भगत सिंह, महर्षि सुदर्शन वार्ड एवं लाला लाजपत राय की क्षतिग्रस्त सड़कों का डामलीकरण का कार्य। सूची संलग्न (पंचम निविदा) | जबलपुर | रु. 32.77 लाख (बत्तीस लाख सतहत्तर हजार रु. मात्र) | 03 माह |

(1) इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना (NIT) का विवरण www.mptender.gov.in में देख सकते हैं। (2) निविदा प्रपत्र दिनांक 28/12/2022 को प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 11/01/2023 सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन निविदा क्रय जा सकती है।

**कार्यपालन यंत्री, लोककर्म विभाग,नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**
लोककर्म विभाग
(प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना)

N.I.T. NO. /PWD/E-TENDERING/PRO- 605 दिनांक - 27/12/2022

पंजीकृत ठेकेदार / मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | पैकेज/ कोड | कार्य का नाम | जिला | अनुमानित लागत (लाख में) | निर्माण अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सं.क्र. -14 | पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड अंतर्गत शफीक किराना से बारिश मोबाईल तक क्षतिग्रस्त रोड/ नाली निर्माण। | जबलपुर | रू. 11.67 (ग्यारह लाख सठसठ हजार रूपये मात्र) | 03 माह |

1. इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना (NIT) का विवरण www.mptender.gov.in में देख सकते है।
2. निविदा प्रपत्र दिनांक 02/01/2023 को प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 02/02/2023 सायं 5.30 बजे तक आनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है।

**कार्यपालन यंत्री, संभाग क्रं. 14, नगर निगम जबलपुर**

### 40 हजार नगद सहित जेवरात ले उड़े चोर

# अधारताल में इंडियन ऑयल ठेकेदार के घर का टूटा ताला



**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल के महाराजपुर में एक इंडियन ऑयल ठेकेदार के घर में चोरों ने धाबा बोलते हुए मेन गेट का ताला तोड़कर नगदी 40 हजार रुपये और जेवरात और घर के सामान पर हाथ साफ कर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पटैल नगर महाराजपुर निवासी सौरभ कुमार पिता सतेन्द्र प्रसाद सिंग 48 साल ने बताया कि विगत दिनों निजी कार्य से कोटा गया हुआ था। चौकी दार साहू को बाहर की चाबी देकर गया था। जिसने फोन कर बताया कि अंदर का लॉक टूटा है। उसने देखा तो नगदी चालीस हजार रुपये और जेवरात गायब थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# अटल जी को आदरांजलि, तुलसी का पूजन ,प्रसाद वितरण

**जबलपुर, यशभारत।** कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ एवं शहीद सम्मान समिति द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई जन्म जयंती पर उन्हें आदरांजलि दी और तुलसी का पूजन आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर धनंजय बाजपेई अखिलेश मेहता विजय गुप्ता शशांक बर्मन विकास सेन राकेश पटेल मुन्ना पटेल विनोद दुबे आनंद गुप्ता विजय गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# घमापुर में फटाका फोड़ने को लेकर घमासान

### बादशाह ने युवक की पीठ में घोंपा चाकू, 4 आरोपियों ने दिया वारदात को अंजाम

**जबलपुर, यशभारत।** घमापुर में फटाका फोड़ने को लेकर हुए भारी विवाद के बीच युवक की पीठ को चाकुओं से गोदकर चारों हमलावर फरार हो गए। घटना के दौरान मचे शोर शराबे के बीच आनन-फानन में पीड़ित को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, आरोपियों की सरगर्मी से तलाश में जुटी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि 45 वर्षीय महिला निवासी घमापुर ने बताया कि अपनी बेटी के साथ, ननद के घर से वापस अपने घर जा रही थी तभी घर के सामने पड़ोसी बिल्लो बादशाह, शंकर, भूपेन्द्र छोटू वंशकार सुतली बम फटाका फोड़ने की बात पर पति चंद्रशेखर के साथ गाली गलौज करने लगे। जब पति ने मना किया तो बिल्लो बादशाह ने चाकू से हमलाकर उसके पति के पीठ में चोट पहुंचा दी।

# मध्यप्रदेश की धरती पर किसी भी गरीब को बिना छत के नहीं रहने देंगे- मुख्यमंत्री श्री चौहान

***भोपाल, यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को उज्जैन मक्सी रोड स्थित कानीपुरा में नगर पालिक निगम द्वारा निर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक (भागीदारी में किफायती आवास) के मल्टी में निर्मित 152 ईडब्ल्यूएस आवासीय इकाइयों के गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने फीता काट कर हितग्राहियों को गृह प्रवेश करवाया और प्रतीक स्वरूप 3 हितग्राही को आवास की चाबी सौंपी। नवनिर्मित तीन मल्टी में 152 आवास बनाये गये हैं। इनमें से 146 आवासों में हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया गया। इस दौरान मंगल गीत गाये गये। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि आज हमारे भाई-बहनों को रहने के लिये आवास की सौगात मिली है।**



हमारी सरकार का यह संकल्प है कि मध्यप्रदेश की धरती पर किसी भी गरीब को बिना छत के नहीं रहने देंगे। आज मल्टी में बनाये गये सुन्दर आवासों पर हितग्राहियों का अधिकार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल में 40 एकड़ जमीन भू-माफियाओं के कब्जे से छुड़ाई गई है। इस जमीन पर गरीब आवासहीनों के लिये घर बनाये जायेंगे। असामाजिक तत्वों और भू-माफियाओं, गुंडे-बदमाशों को छोड़ा नहीं जायेगा। उनके घर पर बुलडोजर चलाये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीलगंगा स्थित कबेलु कारखाने की जमीन पर भी शीघ्र गरीबों के लिये आवास बना कर दिये जायेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गरीबों का भी यह सपना होता है कि उनका भी बड़ा न सही एक छोटा-सा घर हो। राज्य सरकार गरीबों के इस सपने को पूरा करने के लिये संकल्पबद्ध है। ग्रामीण क्षेत्रों में भू-खण्ड और शहरी क्षेत्रों में मल्टी में पात्र हितग्राहियों को आवास बना कर दिये जायेंगे। रोटी, कपड़ा, मकान, इलाज का खर्च, गरीबों के बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिये फीस सरकार मुहैया करायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब परिवार को 10 किलो अनाज निश्शुल्क दिया जा रहा है। हर घर में नल जल योजना से शुद्ध पेयजल पहुँचाने का काम हो रहा है। गरीब परिवार के मेधावी बच्चों की शिक्षा और उच्च शिक्षा का पूरा खर्च सरकार उठायेगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आजीविका मिशन की महिलाओं को भी अलग-अलग रोजगार के अवसर दिये जायेंगे। गरीब वर्ग को सभी मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने का काम निरन्तर किया जा रहा है।

महापौर श्री मुकेश टटवाल ने कहा कि हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिये निरन्तर कार्य किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज हितग्राहियों को रहने के लिये आवास मिल रहे हैं। हम सबके लिये यह ब? हर्ष का दिन है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल रसोई योजना में भगवान महाकालेश्वर का भोग प्रसाद निश्शुल्क लोगों को वितरित किया जा रहा है। आगे भी शहर के विकास के लिये निरन्तर कार्य किये जायेंगे और सौगातें आम जनता को दी जायेंगी। संचालन श्री सत्यनारायण चौहान ने किया और श्रीमती कलावती यादव ने आभार माना।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव, विधायक श्री पारस जैन, विधायक श्री बहादुरसिंह चौहान, सांसद श्री अनिल फिरोजिया, पूर्व सांसद प्रो.चिन्तामणि मालवीय सहित जन-प्रतिनिधि, अधिकारी, योजना के हितग्राही और ब?ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।



## कमलनाथ एक और बड़ा एलान

# कांग्रेस की सरकार बनी तो वृद्धावस्था पेंशन एक हजार

**भोपाल, ईएमएस।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सोमवार को एक और बड़ा एलान किया है। कमलनाथ ने कहा कि अगले विधानसभा चुनावों के बाद एमपी में कांग्रेस की सरकार बनी तो वृद्धावस्था पेंशन की राशि बढ़ाकर एक हजार रुपये की जाएगी। पिछले एक महीने में कमलनाथ ने यह तीसरी बड़ी घोषणा की है। विधानसभा चुनाव में अभी करीब 10 महीने का समय बचा है, लेकिन कमलनाथ एक के बाद एक घोषणाएं कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने कहा था कि एमपी में कांग्रेस की सरकार बनी तो लोगों को एक रुपये यूनिट बिजली मिलेगी। उन्होंने सरकारी कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने का भी वादा किया है। इसके अलावा पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश देने का एलान भी वे कर चुके हैं। बता दें कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है और यहां पुरानी पेंशन स्कीम को फिर से लागू किया गया है। कमलनाथ ने मुख्यमंत्री रहते हुए एमपी में सभी पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश देने की शुरुआत की थी।

# नववर्ष का स्वागत करने मुंबई, गोवा और अमृतसर की दौड़, विमानों के टिकट हुए महंगे

**भोपाल,यशभारत।** कोरोना की दस्तक के बावजूद युवा वर्ग वर्ष 2023 का जोरदार स्वागत करने के मूड में है। भोपाल के युवाओं की पहली पसंद मुंबई और गोवा है। पुणे के पास लोनावला और खंडाला में कई रिसोर्ट हैं। युवाओं ने यहां की बुकिंग कराई है। एयरलाइंस कंपनियों भी इस मौके को भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। स्पाट फेयर दो गुना तक कर दिया है। हो सकता है अंतिम समय में विमान के टिकट ही न मिले।



कोरोना की पहली और दूसरी लहर के समय लोग घरों से नहीं निकले थे। कई परिवार पिछले दो-तीन साल से घूमने नहीं निकले हैं। ऐसे परिवारों ने काफी समय पहले ही नव वर्ष के बहाने घूमने का कार्यक्रम बना लिया है। इसका असर एयरलाइंस की बुकिंग पर नजर आ रहा है। आमतौर पर चार से पांच हजार में मिलने वाला मुंबई का टिकट सात से नौ हजार रुपये में मिल रहा है। मुंबई से होते हुए गोवा जाना और भी महंगा हो गया है। भोपाल से गोवा तक सीधी उड़ान नहीं है। वाया मुंबई जाने पर प्रति यात्री 16 से 19 हजार रुपये तक लिए जा रहे हैं। अंतिम समय में किराया और भी बढ़ सकता है। आमतौर पर ट्रेवल्स एवं टूर कंपनियां तीन से चार माह पहले बुकिंग कराने पर गोवा तक फ्लाइट, होटल एवं भोजन सहित 20 से 25 हजार रुपये में तीन दिन का पैकेज देती हैं। यह अब बीते दिनों की बात हो गई है। पैकेज डील तो कुछ दिनों के लिए बंद ही हो गई है। युवा वर्ग जहां नव वर्ष का जश्न मनाने के लिए मुंबई और गोवा का रूख कर रहे हैं वहीं परिवार के साथ नव वर्ष मनाने के लिए परिवार के साथ जाने वालों की पहली पसंद अमृतसर है। भोपाल से अमृतसर के लिए भी सीधी उड़ान नहीं है। अधिकांश लोग दिल्ली तक विमान से एवं वहां से ट्रेन से अमृतसर जाना पसंद करते हैं। हालांकिदिल्ली रूट पर विंमान के टिकट अब भी किफायती किराये में मिल रहे हैं।

## भोपाल से रीवा व दतिया का जुड़ेगा हवाई कनेक्शन, छोटा विमान चलाने की तैयारी

भोपाल यशभारत। वर्ष 2023 में भोपाल से रीवा एवं दतिया तक सीधी उड़ान शुरू हो सकती है। भारत सरकार ने हाल ही में रीजनल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना शुरू की है। इसी के तहत दोनों शहरों को भोपाल से जोड़ने का प्रस्ताव है।एयरपोर्ट अथारिटी ने इन उड़ानों के संचालन के लिए फ्लायबिग को अधिकृत किया है। कंपनी अगले छह माह के अंदर उड़ानें शुरू करेगी। इसके लिए नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने भी स्वीकृति दे दी है। रीवा में नया एयरपोर्ट बनाने का प्रस्ताव है। माना जा रहा है कि अगले छह माह में यहां रन-वे विस्तार हो जाएगा। इसके बाद विमानों की आवाजाही हो सकेगी। इसी उद्देश्य से एयरपोर्ट अथारिटी के मुख्यालय ने कंपनी को उड़ानें प्रारंभ करने के लिए 180 दिन का समय दिया है। इस रूट पर 19 सीटों वाला विमान चलाया जाएगा।भोपाल से छोटे शहरों तक उड़ानें लंबे समय तक कभी नहीं चल पाई। पांच साल पहले वेंचुरा एयर टैक्सी ने भोपाल को रीवा, सतना से जोड़ा था लेकिन कंपनी को उम्मीद के अनुरूप यात्री नहीं मिले।

## सर्द हवाओं से बढ़ रही सिहरन

# ग्वालियर-चंबल और बुदेलखंड में शीतलहर के साथ कोहरे का कहर

**भोपाल, यशभारत।** उत्तर भारत की तरफ से आ रही सर्द हवाओं के असर से मध्य प्रदेश के अधिकतर जिलों में सिहरन बढ़ गई है। मंगलवार को प्रदेश के 11 शहरों में तापमान कम होकर 10 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मंगलवार को मध्य प्रदेश में सबसे कम 3.8 डिग्री सेल्सियस तापमान नौगांव में रेकॉर्ड किया। ग्वालियर-चंबल और बुंदलेखंड के इलाके पूरी तरह शीतलहर की चपेट में हैं। यहां कुछ इलाकों में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री के नीचे आ गया है। अधिकांश इलाकों में सुबह को घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम हो गई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान ग्वालियर-चंबल, बुंदेलखंड और बघेलखंड में जबरदस्त कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बताया है कि कोहरे का सबसे ज्यादा असर भिंड, मुरैना, श्योपुर कलां, शिवपुरी, ग्वालियर व दतिया में होगा। दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में मध्यम कोहरा रहेगा। अगले 24 घंटे के दौरान मध्य प्रदेश के न्यूनतम तापमान में खास बदलाव की संभावना नहीं है। विभाग के अनुमान के मुताबिक अगले 48 घंटों के दौरान मौसम में फिर बदलाव होगा और तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। 30 दिसंबर को भोपाल और इंदौर समेत प्रदेश के कुछ इलाकों में बादल छा सकते हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार फिलहाल पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान और आसपास के क्षेत्रों पर विद्यमान है। इसके



असर से दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर स्थित डिप्रेशन पूर्व-उत्तर की ओर चला गया है। इस सिस्टम का असर 31 दिसंबर तक रहेगा। इसके बाद दिन और रात के तापमान में गिरावट हो सकती है। इससे पूरे एमपी में ठंड बढ़ सकती है।

## राहुल गांधी को टी-शर्ट में देख चिंता में क्यों पड़ गए नरोत्तम मिश्रा

**भोपाल,ईएमएस।** मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की चिंता हो रही है। सर्दी के मौसम में राहुल को केवल एक टी शर्ट में देखकर नरोत्तम उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हो रहे हैं। मंगलवार को भोपाल में नरोत्तम ने कहा कि राहुल गांधी को अपने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल को शायद पता ही नहीं है कि सर्दियां आ गई हैं। नरोत्तम ने कांग्रेसियों को सलाह दी है कि कोई जाकर राहुल को ये बता दे कि सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है। नरोत्तम मिश्रा का यह बयान राहुल गांधी की उस तस्वीर के बाद सामने आया है जिसें वे दिल्ली की कड़कड़ाती ठंड में केवल एक टीशर्ट पहने नजर आए थे। दरअसल, सोमवार को राहुल दिल्ली में कई राष्ट्रीय नेताओं को श्रद्धांजलि देने गए थे। सोमवार को दिल्ली में कड़ाके की ठंड थी। ऐसे मौसम में राहुल केवल एक टीशर्ट पहनकर निकले थे। नरोत्तम मिश्रा के इस बयान में दरअसल चिंता से ज्यादा तंज है। इसका एक कारण शायद यह है कि राहुल पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि देने भी पहुंचे थे।



## संविदा हेल्थ कर्मचारियों के आंदोलन को कांग्रेस का समर्थन, अरुण यादव ने की बड़ी घोषणा

**भोपाल,ईएमएस।** मध्य प्रदेश में इन दिनों स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारी नियमितीकरण की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इस आंदोलन को कांग्रेस ने भी समर्थन दिया है और राज्य सरकार पर जमकर हमले बोले हैं। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का बीते एक पखवाड़े से राज्य में विरोध प्रदर्शन जारी है। इन कर्मचारियों की मांग है कि उन्हें नियमित किया जाए और नियमित कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 90 फीसदी वेतन व अन्य सुविधाएं दी जाएं। इन कर्मचारियों के आंदोलन का कांग्रेस ने समर्थन किया है। राजधानी में संविदा कर्मचारियों के आंदोलन को समर्थन देने कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा के अलावा कांग्रेस के तमाम नेता शामिल थे। इस मौके पर अरुण यादव ने कहा कि संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने कोरोना काल में अपनी जान को हथेली पर रखकर मरीजों की सेवा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यही कारण था कि सरकार ने पहले उन पर फूल बरसाए, मगर बाद में शिवराज सरकार लाठी बरसाने में लग गई। यादव ने आगे कहा कि कांग्रेस इन कर्मचारियों के नियमितीकरण के पक्ष में है। राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है और वहां संविदा कर्मचारियों को नियमित किया गया है, इसी तरह वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव के बाद मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार आएगी तो वह इन संविदा कर्मचारियों को नियमित करेगी। ज्ञात हो कि पिछले दिनों राज्य के स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी के विरोध में नारेबाजी करने वाले आंदोलनकारी 10 कर्मचारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उसके बाद से कर्मचारी सरकार के खिलाफ आक्रोशित हैं।

# सांची की आड़ लेकर स्थानीय दुग्ध ब्रांड्स ने भी बढ़ाए दाम

## उपभोक्ताओं की बढ़ी मुश्किलें

**भोपाल, यशभारत।** सांची ने दूध के दाम क्या बढ़ाए, स्थानीय ब्रांड्स ने भी एक दिन बाद दूध के दामों में इजाफा कर दिया। सौरभ और श्रीधी ने भी दूध पर प्रति लीटर दो-दो रुपये दाम बढ़ाए हैं। दाम बढ़ने से दुग्ध उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ गई हैं। श्रीधी ने अपने 12 में से 11 वैरायटी के दूध के दाम बढ़ा दिए हैं और सौरभ ने भी आठ वैरायटी के दाम बढ़ाए हैं। इसके पहले 25 दिसंबर को सांची ने भी दूध के दाम बढ़ाए थे। मंगलवार से इन दोनों ब्रांड्स का दूध भी लोगों को बढ़ी कीमत पर मिल रहा है। अमूल दूध और मदर डेयरी ने दाम नहीं बढ़ाए हैं। पैकेट वाले दूध में अमूल सबसे सस्ता है और खुले में बिकने वाले दूध के दाम भी फिलहाल नहीं बढ़े है1 लेकिन हाल ही में हुई वृद्धि के बाद हो सकता है अन्य ब्रांड्स भी दूध के दाम बढ़ा दें। पहले ही महंगाई की मार से परेशान आम आदमी को दूध की बढ़ी कीमतों ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं।



# भोपाल में कोरोना संक्रमण से निपटने की तैयारी

## भीड़ वाले इलाकों में मास्क पहनने पर विशेष ज़ोर

**भोपाल, ईएमएस। कोरोना संक्रमण की नई लहर से निपटने की भोपाल ने तैयारी शुरू कर दी है। कोरोना संक्रमण पांच तरीके से निपटने का खाका तैयार किया गया है। लोगों को भीड़ वाले क्षेत्रों में मास्क पहनने के लिए जागरूक किया जाएगा।**

टेस्टिंग बढ़ाने के साथ रिवर्स ट्रांसक्रिप्शन पालीमर्स चेन रिएक्शन (आरटी पीसीआर) टेस्ट कर जीनोम सिक्वेंसिंग करवाने का निर्देश है। इसके अतिरिक्त सतर्कता डोज बढ़ाने व कोविड सेंटरों को मजबूत किया जाएगा। सीएमएचओ डा.प्रभाकर तिवारी ने बताया कि सभी के लिए पुख्ता तैयारियां की जाएगी। मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, मेडिकल कालेजों के प्रधानाचार्यो व अस्पतालों के चिकित्सा अधीक्षकों से कहा कि भोपाल नई लहर से निपटने के लिए तैयार है। जरूरत है कोविड उपयुक्त व्यवहार जैसे मास्क का प्रयोग और उचित शारीरिक दूरी के नियम का पालन करने की।

### ये हैं पांच वार

- लोगों को भीड़ वाले क्षेत्रों में मास्क पहनने के लिए किया जाएगा जागरूक
- टेस्टिंग बढ़ाने के साथ आरटी पीसीआर टेस्ट होंगे
- रिपोर्ट पाजिटिव आने पर जीनोम सिक्वेंसिंग का निर्देश-
- प्रदेश में कोरोना की सतर्कता डोज बढ़ाई जाएगी
- कोविड सेंटर और भी मजबूत किए जाएंगे

### इनका कहना है

हम कोरोना से निपटने के लिए अपने स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी है। लोगों को अभी अपने कार्यालय से ही लोगों को मास्क के लिए सलाह दे रहे हैं। शासन के निर्देशों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**- डा.प्रभाकर तिवारी सीएमएचओ भोपाल**

### सरकारी अस्पतालों में 1685 आइसीयू बिस्तर व 736 वेंटिलेटर उपलब्ध

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश पर प्रदेश में भी कोरोना से निपटने की तैयारियों को लेकर मंगलवार को माकड्रिल की गई। स्वास्थ्य संस्थाओं की तरफ से कोविड-19 इंडिया पोर्टल पर अपने यहां उपलब्ध संसाधनों और सुविधाओं की जानकारी दर्ज की गई। इसके अलावा मंत्री से लेकर अधिकारी तक अस्पतालों में तैयारियां देखने के लिए पहुंचे।पोर्टल पर दर्ज की गई जानकारी के अनुसार प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में कोरोना के उपचार के लिए आइसीयू में 1685 बिस्तर उपलब्ध हैं। 736 वेंटिलेटर काम कर रहे हैं। इसके अलावा बच्चों के लिए आइसीयू में 626 बिस्तर हैं। इनमें 200 वेंटिलेटर हैं। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने भोपाल में गांधी मेडिकल कालेज से संबद्ध हमीदिया अस्पताल में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी ने सीहोर के



जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। बता दें कि चीन समेत कई देशों में तबाही मचा रहे कोरोना वायरस के ओमिक्रोन वैरिएंट के सब वैरिएंट बीएफ-7 से संक्रमण बढ़ने के मद्देनजर तैयारियों का आकलन किया जा रहा है। इसमें सबसे ज्यादा जोर मानव संसाधन, अस्पतालों में उपलब्ध बिस्तर, वेंटिलेटर, बच्चों और बड़ों के लिए आइसीयू में उपलब्ध बिस्तर, मेडिकल आक्सीजन की उपलब्धता, रेफरल सेवाएं जैसे साधारण और एडवांस लाइफ सपोर्ट वाली एंबुलेंस, रेमडेसिविर इंजेक्शन, मास्क पर रहा।

# कोविड को लेकर पमरे अलर्ट



# स्वास्थ्य सुविधाओं को परखने के लिए मॉक ड्रिल आयोजित

**जबलपुर, यशभारत। भारत सरकार की कोविड तैयारियों से संबंधित गाइड लाइन के अनुसार पश्चिम मध्य रेल प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ० एच. के. श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में केन्द्रीय चिकित्सालय जबलपुर सहित तीनों मण्डलों के मण्डलीय रेलवे चिकित्सालयों और सभी स्वास्थ इकाईयों में कोविड सम्बन्धी स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारी के संबंध में गत दिवस मॉक ड्रिल आयोजित की गई।**

इस दौरान आक्सीजन जेनरेशन प्लांट की शुद्धि, कार्यप्रणाली तथा कार्य क्षमता, वेंटीलेटर एवं आक्सीजन कंसंट्रेटर की दक्षता के साथ-साथ कोरोना मरीजों के लिये बनाये हुये आइसोलेशन वार्ड तथा कोविड आईसीयू का भी निरीक्षण किया गया तथा उपचार से संबंधित दवाइयों, एन-95 मास्क एवं पीपीई किट की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गयी। इस दौरान कर्मचारियों को सुरक्षात्मक उपकरणों के उपयोग और कोविड रोगियों की देखभाल के संबंध में और आपात स्थिति में तैयार रहने के लिए प्रशिक्षित भी किया गया जबलपुर केन्द्रीय चिकित्सालय में भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप करोना की संभावित नहीं लहर के परिपेक्ष में आवश्यक तैयारियों दिशा-निर्देशों एवं प्रशिक्षण हेतु कोरोना निषेध मॉक ड्रिल का आयोजन चिकित्सा निदेशक डॉ. बी.सी. एस. राव, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा निदेशक (प्रशासन) डॉ आर. एन. मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा

## अधिकारियों ने स्टाफ को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

निदेशक डॉ. कमलेश कुमार एवं मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप चैहान द्वारा सभी स्वास्थ्य को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, आवश्यक दवाइयों का प्रयोग एवं चिकित्सा उपकरणों के प्रयोग हेतु प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर चिकित्सक एवं नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने इसमें भाग लिया। चिकित्सा निदेशक एवं वरिष्ठ मण्डल चिकित्सा अधिकारियों ने चिकित्सालय में स्थित ऑक्सीजन प्लांट, फीवर क्लिनिक हेतु जगह का चयन एवं कोविड वार्ड की विभिन्न व्यवस्थाओं का आंकलन करते हुए निर्देशित किया गया। निरीक्षण में सभी उपकरण ऑक्सीजन प्लांट सुचारु अवस्था में पाए गए। इसी प्रकार रेल चिकित्सालय, निशातपुरा भोपाल में कोविड सम्बन्धी स्वास्थ्य सुविधाओं को परखने के लिए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक भोपाल डॉ. अजय डोगरा एवं पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. पंकज माहेश्वरी के नेतृत्व में मॉक ड्रिल आयोजित की गयी। इस दौरान आक्सीजन जेनरेशन प्लांट की शुद्धि, कार्यप्रणाली तथा कार्य क्षमता, वेंटीलेटर एवं आक्सीजन कंसंट्रेटर की दक्षता के साथ-साथ कोरोना मरीजों के लिये बनाये हुये आइसोलेशन वार्ड तथा कोविड आईसीयू का भी निरीक्षण किया गया तथा उपचार से संबंधित दवाइयों, एन-95 मास्क एवं पीपीई किट की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गयी। इस दौरान अन्य डॉक्टर्स तथा स्टाफ प्रभारी मुख्य नर्सिंग अधीक्षक श्रीमती राजकुमारी डहेलिया एवं वरिष्ठ नर्सिंग अधीक्षक सज्जन कुमार उपस्थित थे वहीं कोटा मण्डल रेलवे चिकित्सालय में भी आपात काल के दौरान कोविड उपचार संबंधी सभी व्यापक तैयारियाँ सुचारू रखने हेतु मेडिकल स्टॉफ एवं पैरा मेडिकल स्टॉफ को दिशा-निर्देश दिए गए।

# अमरावती से उतरा और मालगाड़ी के नीचे से निकला, सामने आ गई मौत

**जबलपुर यश भारत।** ट्रेन से स्टेशनों में उतर कर जल्दबाजी के चक्कर में अधिकांश यात्री जान को जोखिम में डालकर निकलते हैं जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं जबकि आरपीएफ द्वारा उद्घोषणा एवं यात्रियों को ऐसा न करने के लिए समय-समय पर जागरूक किया जाता है फिर भी अपनी इन तमाम नियम कानूनों को दरकिनार कर जल्दबाजी कर बैठते हैं ऐसी यह घटना बीती रात पश्चिम मध्य रेल के गाडरवारा रेलवे स्टेशन और घटित हुई जिसमें 1 यात्री को जान से हाथ धोना पड़ा इस घटना के संबंध में जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार पलौहा निवासी 48 वर्षीय कृष्णकांत गुर्जर पिता कीरत गुर्जर अपने अन्य साथियों के साथ किसी काम से जबलपुर आया हुआ था बीती रात जब वह जबलपुर से अमरावती



एक्सप्रेस में सवार होकर अपने गांव जा रहा था उक्त ट्रेन गाडरवारा रेलवे स्टेशन में रुकने के बाद कृष्णकांत गुर्जर जल्दबाजी के चक्कर में ट्रेन के वेकसाइट पर कर वहीं पर खड़ी मालगाड़ी के नीचे से नकल कर जैसे ही थ्रू डाउन लाइन में पहुंचा ही था कि मुंबई की ओर से धड़धड़ाती आ रही ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई इस घटना की खबर जैसे ही अन्य यात्रियों एवं मृतक के साथियों को लगी तो वह मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी जीआरपी गाडरवारा को दी गई उक्त जानकारी मिलते ही जीआरपी मौके पर पहुंची और प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर दुर्घटना की पड़ताल शुरू कर दी है।

# स्वास्थ्य विभाग ने किया मॉक ड्रिल का आयोजन

**गाडरवारा (यश भारत)।** मध्य प्रदेश शासन के आदेश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ए के जैन के निर्देश अनुसार सिविल अस्पताल गाडरवारा में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश बोहरे द्वारा कोरोना की संभावित लहर को देखते हुए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास प्रक्रिया में सिविल अस्पताल स्थित ऑक्सीजन प्लांट को सुबह 10 बजे से चलाया गया एवं समस्त ऑक्सीजन पलंग पर ऑक्सीजन की उपलब्धता की जाँच की गई। साथ ही स्वास्थ्य, पुलिस, नगरपालिका एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा एक डमी संभावित कोरोना पॉजिटिव मरीज़ को एंबुलेंस



द्वारा सिविल अस्पताल के एच यू डी वार्ड में समस्त कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए भर्ती कराया गया। इस समस्त प्रक्रिया में संभावित कोरोना मरीज़ को अस्पताल में चिंहित रास्ते से लाया गया, कोरोना की सैंपलिंग कर उपचार दिया गया। मॉक ड्रिल मे डॉक्टर आशुतोष मेहता, डॉक्टर लिलेश चंदिया, हेमंत राजपूत, रवि गोहरे, रेखा नामदेव एवं अन्य अस्पताल कर्मचारी का विशेष योगदान रहा।

### श्रीमद्भागवत का षष्ठम दिवस

# पथरहां कुआं पर श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ की गंगा प्रवाहित



**गोटेगांव, यशभारत।** नगर के मध्य पथरिया कुआं पर विगत 22 दिसंबर 2022 से अविरल प्रवाहित हो रही श्रीमद् भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ के आज षष्ठम दिवस पर भागवत कथा व्यास अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा व्यास श्रद्धेय श्याम सुंदर जी महाराज द्वारा आज कथा श्रवण करने आए भक्तों को भगवान की महारास लीला उद्धव गोपी संवाद एवं रुक्मणी विवाह का प्रसंग बेहतरीन और मार्मिक ढंग से श्रवण कराया स्मरण रहे की समस्त नामदेव परिवार कूड़ॉ कला वालों द्वारा उक्त भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है यह प्रसंग 22 दिसंबर से 29 दिसंबर 2022 तक आयोजित किया जा रहा है इस संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का रसपान करने के लिए दूरदराज क्षेत्र से एवं ग्रामीण क्षेत्र से तथा नगर से भी बहुत से भक्त वृंद कथा श्रवण करने पथरिया कुआं भागवत स्थल पर पहुंच रहे हैं समस्त नामदेव परिवार द्वारा अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण करने की अपील प्रतिदिन भक्तों से की जा रही है।

# स्वर्गीय सरोज के स्मृति बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 16 से



**अनूपपुर यशभारत।** खेल युवा कल्याण विभाग अनूपपुर के मार्गदर्शन एवं मेकल क्लब अनूपपुर के तत्वाधान में आगामी 16 जनवरी 2023 से 22 जनवरी 2023 तक स्वर्गीय सरोज पांडेय स्मृति बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन मेकल क्लब परिसर चंदास नदी के पास आयोजित किया जाएगा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित इस बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ 16 जनवरी को होगा और इसका समापन 22 जनवरी को मैंकल क्लब परिसर में किया जाएगा



# ब्लाक कांग्रेस कुण्डम की बैठक सम्पन्न हुई

**कुंडम, यशभारत।** हाथ से हाथ जोडो अभियान की रूपरेखा तैयार करने हेतु कुंडम ब्लाक कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक बैठक आज 26/12/2022 को दोपहर 12 बजे से मंगल भवन कुंडम मे पर रखी गई थी जिसमें जिला अध्यक्ष राधेश्याम चौबे, गोंडवाना संघ के संरक्षक पूर्व विधायक नन्हेलाल धुर्वे, महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष जमुना मरावी, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष अल्का डेंगरे जी, जिला सदस्य सुश्री एकता ठाकुर जी, पूर्व जिला सदस्य खिलाड़ी सिंह आर्मो जी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दीपेन्द्र मरकाम, कार्यवाहक अध्यक्ष श्री आशीष मिश्रा जी, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष- अमित साहू जी, भवानी साहू जी आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष कपिल मार्को जी सहित युवक कांग्रेस, सेवादल,छात्र संगठन, के साथ ही सभी प्रकोष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुंडम के समस्त सेक्टर और मंडलम अध्यक्ष एवं सचिव की बैठक में उपस्थित रहे।

# अज्ञात कारणों के चलते वृद्ध ने तोड़ा दम



**जबलपुर यश भारत।** बरगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक 55 वर्षीय वृद्ध को 108 एंबुलेंस द्वारा अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया जिसके बाद उसे चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना को विवेचना में लिया। इस घटना के संबंध में बरगी पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि एक 55 वर्षीय राजेंद्र आदिवासी जो बीमार हालत में था उसे उपचार के लिए 108 एंबुलेंस द्वारा नेशनल हाईवे हुलकी के पास से उपचार के लिए बरगी अस्पताल मैं भर्ती कराया गया था जहां उसकी हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों द्वारा मेडिकल अस्पताल रवाना किया गया जहां उसकी मौत हो गई बरगी पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के वारसानो की पतासाजी करने में लगी हुई है/

# पूर्व नपा उपाध्यक्ष ने नगर के खिलाड़ियों को वितरण की खेल सामग्री

**बिजुरी यशभारत।** खेल से शारीरिक व मानसिक विकाश तो होता है। साथ ही अपनी प्रतिभाओं को निखारने-संवारने का अवसर भी मिलता है। इसी कारण से नगरपालिका बिजुरी के पूर्व उपाध्यक्ष सतीश शर्मा द्वारा कोयलांचल के युवाओं और खिलाड़ियों को उनकी खेल रूचि के अनुसार वॉलीबाल, क्रिकेट किट, फुटबाल, टेनिस का समान सहित इत्यादी खेल सामग्रियों का वितरण किया गया। पूर्व उपाध्यक्ष ने कहा बिजुरी नगर के युवाओं में प्रतिभा की कमी बिल्कुल नहीं है। जरूरत है तो बस अवसर कि, इसलिऐ मैने युवाओं को खेल के प्रति मनोबल व उत्साह बढ़ाने का काम किया है। और भिन्न-भिन्न खेलों में रूचि रखने वाले खिलाड़ियों को उनके रूचि अनुसार सामग्री प्रदान किया है। ताकि वे खेल के माध्यम से खेल के क्षेत्र में भी अपना मुकाम बनाने में सफल होकर कोयलांचल बिजुरी का नाम और अधिक ऊंचाईयों तक लेकर जाऐं।

### *कोरोना कि वजह से टल सकता है इस बार का मैच*

*गौरतलब है कि नगरपालिका परिषद बिजुरी के पूर्व उपाध्यक्ष सतीश शर्मा का खेलों के प्रति रूचि किसी से छुपा नही है। अपने कार्यकाल के दौरान प्रत्येक वर्ष इनके द्वारा बिजुरी नगर के विभिन्न वार्डो के युवाओं को सम्भाग के सबसे बड़ा क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल कर, उन्हे अपनी प्रतिभाओं को निखारने का अवसर दिया जाता रहा है। उक्त क्रिकेट प्रतियोगिता कि चर्चाऐं भी सम्भाग भर में होती थी। लेकिन इस वर्ष कोरोना का खतरा पुनः मण्डराता नजर आने लगा है। लिहाजा आगामी दिनों में क्रिकेट टूनामेन्ट का आयोजन शत-प्रतिशत होगा यह कहना अभी मुस्किल है।*

# सीतामढ़ी क्षेत्र को पर्यटन क्षेत्र बनाया जाए- रिंकू

**अनूपपुर, यशभारत।** जिला पंचायत अनूपपुर के जिला पंचायत सदस्य रामजी मिश्रा रिंकू ने सीतामढ़ी को पर्यटन क्षेत्र बनाए जाने हेतु प्रशासन को पत्र लिखा है। उनके द्वारा उतमा विधानसभा क्षेत्र का अनूपपुर जिले में एक अलग ही स्थान देने हेतु प्रदेश सरकार से नित नए नए विकास कार्य कराने हेतु पत्राचार के माध्यम से मांग की जा रही है उसी में विकास कार्य में एक कोतमा विधानसभा का सबसे प्राचीन प्राकृतिक सुंदर स्थान कोठी ग्राम के पास स्थित सीतामढ़ी स्थल को एक टूरिज्मो पर्यटन स्थल बनाने हेतु जिला प्रशासन को पत्र लिखकर मांग की है। पत्र में उन्होंने कहा कि चिंतामणि जगह जो आसपास के क्षेत्र वासियों के लिए एक पिकनिक स्पॉट माना जाता है सीतामढ़ी जहां जलप्रपात जैसा सुंदर दृश्य विद्यमान है वही दो नदियों के संगम के साथ-साथ प्राकृतिक सुंदरता देखने को मिलती है यदि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा इस सीतामढ़ी स्थल की सुंदरता को देखते हुए इस जगह को और भी अधिक आधुनिक रूप देकर इस क्षेत्र का विकास कर इसे टूरिज्म पर्यटन क्षेत्र घोषित करदे तो प्राकृतिक छटा से परिपूर्ण सीतामढ़ी स्थल क्षेत्र वासियों के लिए एक पर्यटन स्थल हो सकती है।

# आज जनपद सदस्य संघ जिला जबलपुर की बैठक संपन्न हुई



**कुंडम, यशभारत।** जबलपुर जनपद पंचायत सदस्य संघ की बैठक में ग्रामीण की चारों विधानसभा के सातों जनपद पंचायत से सभी जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य उपस्थित हुए और पिछले कई दिनों से चल रही जनपद सदस्य संघ की मांग को लेकर आगामी रणनीति बनाई गई सबकी सहमति से जिला जबलपुर की कोर कमेटी बनाई गई जिसमे सभी सातों जनपद पंचायत से दो दो सदस्य चुने गए, जिसमे एक महिला और एक पुरुष को रखा गया, और संरक्षक के रूप में चार जिला पंचायत सदस्य जिसमे दो महिला सदस्य और दो पुरुष सदस्य को रखा गया।बैठक में जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू जी भी उपस्थित हुए और जनपद सदस्य संघ की इस लडाई में हर संभव मदद करने की बात उन्होंने कही। पनागर जनपद से सुरेश चढ़ार और ज्योति विपिन पटेल, सिहोरा जनपद से धर्मेन्द्र राजपूत और मनीषा राजकुमार पटेल शहपुरा जनपद से प्रमोद शुक्ला और रेखा गोपाल चढ़ार, पाटन जनपद से शक्ति यादव और मीना चढ़ार, मझौली जनपद से बालाराम पटेल और सीमा मनोज तिवारी,कुंडम जनपद से धन्नू सिंह और सुमन मरावी, जबलपुर जनपद से नारायण शर्मा और आरती संजय पटेल को समिति में रखा गया है। जिला सदस्य में मनोहर सिंह, इंद्रकुमार पटेल,एकता ठाकुर, आशा मुकेश गोंटिया को समिति में रखा गया है। बैठक का आयोजन जनपद सदस्य मनीष पटेल जी के द्वारा पनागर विधानसभा में किया गया था, बैठक के बाद सभी उपस्थित सदस्यों ने गक्कड़ और दाल बाटी का आनंद लिया मनीष पटेल और ज्योति विपिन पटेल जी ने बैठक को सफल बनाने के लिए सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जल संसाधन विभाग हिरण डिवीजन जबलपुर के अधिकारियों की मिलीभगत और रिश्वतखोरी के कारण आधा अधूरा पड़ा है कल्याणपुर-बद्दुआ डामरीकरण रोड का निर्माण

**कुंडम,यशभारत।** कुंडम तहसील के अंतर्गत बद्दुआ जलाशय निर्माण होने के कारण डायवर्सन रूट निर्माण कराया जा रहा है जिसमें बहुत ही धीमी गति से कार्य को कराया जा रहा है जिससे ग्राम बद्दुआ,कल्याणपुर परिवर्तित रूट बनाया जा रहा है जल संसाधन विभाग की लापरवाही से ग्रामीण आदिवासियों का चलना हुआ मुश्किल आकस्मिक सेवाएं बंद है जैसे स्वास्थ्य सेवाएं बुजुर्गों का आना जाना मजदूरों का आना जाना शिक्षकों का आना जाना डॉक्टरों का आना जाना सभी कार्य बंद होने की कगार में मजदूर अपना मजदूरी नहीं कर पा रहे क्योंकि रोड में चलना ही मुश्किल है 1 वर्ष से जल संसाधन विभाग हिरण डिवीजन जबलपुर के द्वारा निर्माण कराया जा रहा है जो बहुत ही धीरे गति से चल रहा है जिससे आसपास के गांव वालों को बड़ी मुसीबत झेलनी पड़ रही है कुंडम तहसील स्वास्थ्य विभाग और अन्य सभी विभाग कुंडम में ही है मगर रोड बंद होने के कारण मजदूर वर्ग बुजुर्ग वर्ग गरीबों का आना जाना नहीं हो पा रहा है क्योंकि रोड बहुत ही उखाड़ दी गई है जिससे घर गांव आदिवासियों का आना जाना बंद है ग्रामीण आदिवासियों में अच्छा खासा आक्रोश देखा जा रहा है विगत दिनों जल संसाधन विभाग हिरण डिवीजन जबलपुर के अधिकारियों से आदिवासियों ने शिकायत की की रोड का निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए अन्यथा हम आंदोलन करेंगे हमारी लड़के बच्चों का आना जाना बंद है समय पर स्वास्थ्य व्यवस्था नहीं मिलती जिससे कई मौतें हो चुकी हैं और शासन-प्रशासन गहरी नींद में सोया है आदिवासियों की कोई सुनने वाला नहीं है जल संसाधन विभाग के द्वारा यह निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो बहुत ही धीरे गति पर चल रहा है गांव में टीचर नहीं जा रहे गांव में डॉक्टर नहीं जा पा रहे मुसीबत में सैकड़ों गांव की आदिवासी आदिवासियों का कहना है किस शासन द्वारा हमें मरने की कगार में छोड़ दिया गया है जल्द से जल्द अगर बद्दुआ कल्याणपुर मार्ग का निर्माण नहीं किया गया तो चक्का जाम कर आंदोलन की चेतावनी दी जाएगी।

# स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने धनपुरी में भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज 30 को



**धनपुरी यशभारत।** खेलों का महत्व वर्तमान समय में किसी से छिपा नहीं है बिना खेलों के वर्तमान में व्यक्तित्व का विकास संभव ही नहीं है इसी क्रम में धनपुरी मां ज्वालामुखी मंदिर ग्राउंड में दिनांक 30 दिसंबर दिन शुक्रवार से स्व. अशोक गुप्ता स्मृति टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं का विकास है शहडोल संभाग आदिवासी बाहुल्य संभाग है और यहां पर प्रतिभाओं की कोई कमी नही है कमी है तो बस मैदान मिलने की मैदान मिलने पर हर बार शहडोल के युवाओं ने अपना परचम राष्ट्रीय स्तर पर लहराया है टूर्नामेंट की खास बात यह है की टूर्नामेंट राज्य स्तर का है लेकिन इस टूर्नामेंट में खेलने वाले समस्त खिलाड़ी और टीम शहडोल अंचल की ही होगी ताकि हमारी स्थानीय खेल प्रतिभाओं का निखार प्रखरता से हो.

### नेहरू क्रिकेट क्लब धनपुरी के तत्वावधान में कराया जा रहा है भव्य आयोजन

नेहरू क्रिकेट क्लब हृष्ट किसी परिचय का मोहताज नहीं है पुराने समय का सबसे प्रतिष्ठित क्षेत्रीय क्रिकेट क्लब जिसने कई प्रतियोगिताओं को अपने नाम किया था उसी नेहरू क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में यह आयोजन संपन्न होगा साथ ही धनपुरी नगर के समस्त खेलप्रेमी इस आयोजन में अपनी सक्रिय सहभागिता का निर्वाहन करेंगे.

### भव्य पुरुस्कार बनेगा चर्चा का विषय

टूर्नामेंट का आगाज 30 को है वर्तमान में टूर्नामेंट का प्रथम मैच 30 दिसंबर को ही होगा लेकिन प्रतियोगिता की खास बात यह है की इस टूर्नामेंट में स्थानीय क्षेत्रीय प्रतिभाओं के कौशल विकास हेतु विजेता टीम के लिए आयोजन समिति के द्वारा 51000 रुपए की राशि रखी गई है साथ ही उपविजेता टीम में लिए 21000 की राशि रखी गई है जो की इस टूर्नामेंट की भव्यता और दिव्यता को स्वत की प्रदर्शित कर रहा है

### पालिका प्रशासन का सकारात्मक सहयोग हमारी ऊर्जा

कार्यक्रम के आयोजक सदस्य नेहरू क्रिकेट क्लब के पिंटू पटेल ने बताया कार्यक्रम में हमे हमारे क्षेत्र के युवाओं के लिए उन्हें एक नया प्लेटफॉर्म देना है जिससे वह काम समय में अपने जौहर का प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर सकें. कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में क्षेत्र का एक विशिष्ट चेहरा होगा और समापन समारोह में शहडोल संभाग के सबसे प्रतिष्ठित लोग हमारे मंच पर स्थानीय खेल प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के लिए मौजूद रहेंगे..

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी से स्टाफ नर्स ने की जांच की मांग

**गाडरवारा (यश भारत)।** सालीचौका स्वास्थ्य केंद्र की स्टाफ नर्स श्रीमती हेमलता कोल ने एक लिखित आवेदन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर दिया है जिसमें उल्लेख किया गया है कि उक्त नर्स का कूटरचित हस्ताक्षर कर और आधार कार्ड का दुरूपयोग कर उसके नाम से फर्जी आवेदन देकर उसका ट्रांसफर कराया गया है इस मामले की गंभीरता से जांच की जानी चाहिए।आवेदन में उल्लेख किया गया है कि जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर के पत्र क्रमांक 8447 दिनांक 19.12.2022 के अनुसार मेरा ट्रांसफर सी.एच.सी. गोटेगांव किया गया है जिसके लिये मेरे आवेदन को आधार बनाया गया है कि मैंने पारिवारिक समस्याओं के कारण ट्रांसफर के लिए बी.एम.ओ. सालीचौका के माध्यम से आपको आवेदन किया है जो कि सर्वथा असत्य है। मेरे कूटरचित हस्ताक्षर कर और आधार कार्ड का दुरूपयोग कर मेरे नाम का फर्जी आवेदन पत्र आपके समक्ष प्रस्तुत किया गया है जिसको न ही बी.एम.ओ. सालीचौका द्वारा फारवर्ड किया गया है न ही उसमें तारीख है न ही आवक जावक नंबर का उल्लेख किया गया है। मुझे इस गलत और फर्जी आवेदन पत्र का संदेह आनंद तिवारी सपोर्ट स्टॉफ और श्रीमति रीता स्टॉफ नर्स सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सालीचौका पर है। इस मामले की संपूर्ण जाँच कर दोषी व्यक्तियों पर अनुशासनात्मक और विधिक कार्यवाही की जावें। और मेरा वर्तमान ट्रांसफर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोटेगांव से मेरी मूल पदस्थापना सी.एच.सी. सालीचौका किया जावें।

# साल 2022 के ये स्पोर्टिंग मोमेंट, जिनमें भारतीय खिलाड़ियों की रही धूम, विश्व भर में लहराया परचम

नई दिल्ली, एजेंसी। साल 2022 अब अपने अंतिम पड़ाव में है। भारत के लिए यह साल खेलों के लिहाज से काफी शानदार रहा। साल 2022 में भारतीय खिलाड़ियों ने कुछ ऐसी उपलब्धि हासिल की इतिहास में पहली बार हुआ। इसमें थॉमस कप के साथ नीरज का वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल हो या फिर कॉमनवेल्थ गेम्स में बिना शूटिंग के भी मेडल का अंबार। यह पूरा साल भारत के लिए स्पोर्टिंग मोमेंट से भरा रहा। भारतीय क्रिकेट टीम ने हाल ही में बांग्लादेश दौरे पर टेस्ट सीरीज में 2-0 से जीत के साथ साल 2022 का अंत किया। सिर्फ क्रिकेट ही नहीं पूरे साल खेल जगह में भारतीय खिलाड़ियों की धूम रही। इस साल क्रिकेट हो या फिर बैडमिंटन या हॉकी। हर खेल में भारत का परचम लहराया। ऐसे में आइए जानते हैं साल 2022 में भारत के लिए कुछ महत्वपूर्ण स्पोर्टिंग मोमेंट ऑफ ईयर के बारे में।



## भारत ने पहली बार जीता थॉमस कप

साल 2022 में भारत के लिए मई महीने में बैडमिंटन से एक बड़ी खबर सामने आई जब टीम ने पहली बार थॉमस कप जीतकर इतिहास रच दिया। थॉमस कप के फाइनल में भारत ने 14 बार की चैंपियन इंडोनेशिया को खिताब पर अपना कब्जा किया था। भारत 13वीं बार इस टूर्नामेंट में भाग लिया लेकिन इससे पहले वह कभी सेमीफाइनल तक नहीं पहुंच पाया था लेकिन 73 साल में पहली बार थॉमस कप में खिताबी जीत ने बैडमिंटन खेलों में भारत के लिए यादगार बना दिया।

## वर्ल्ड चैंपियनशिप में निखत को गोल्ड

इस साल भारत के लिए अन्य खेलों में काफी कुछ घटा। मई महीने में भारत की महिला बॉक्सर निखत जरीन ने अपनी दमदार पंच से भारत को वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड दिलाकर सनसनी मचा दी। निखत ने यह उपलब्धि 52 किलोग्राम की कैटेगरी में थाईलैंड की जिटपॉन्ग जुटामस को 5-0 से हराकर हासिल किया। महिला बॉक्सिंग में भारत को मिला यह गोल्ड साल के स्पोर्टिंग मोमेंट में से एक रहा।

## कॉमवेल्थ में हुई मेडलों की बारिश

इसी साल अगस्त में हुए बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत का प्रदर्शन शानदार रहा। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में शूटिंग प्रतियोगिता नहीं होने के बावजूद भारतीय एथलीटों ने कुल 61 मेडल जीते, जिसमें 22 गोल्ड, 16 सिल्वर और 23 ब्रॉन्ज मेडल रहे। इस तरह भारत मेडल टैली में चौथे स्थान पर रहा था। इस कॉमनवेल्थ गेम्स में कुछ खेलों में जैसे लॉन बॉल में पहली बार मेडल मिलना भारत के लिए स्पोर्टिंग मोमेंट में से एक रहा।

### टी20 विश्व कप में भारत की पाकिस्तान पर जीत

साल 2022 भारतीय क्रिकेट के लिए देखा जाए तो कुछ खास नहीं रहा। टीम को एशिया और टी20 विश्व कप में हार का सामना करना पड़ा था लेकिन अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी20 विश्व में भारत की पाकिस्तान पर जीत ने पूरे देश को खुशी से झूमने का एक खास मौका दिया था। भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया था। टी20 विश्व कप में पाकिस्तान पर यह जीत क्रिकेट के लिए साल का स्पोर्टिंग मोमेंट रहा।

### नेशंस कप में भारतीय महिला हॉकी टीम की जीत

इस साल के अंत में भारत की महिला हॉकी टीम ने भी नेशंस कप जीतकर देशवासियों को एक बड़ा तोहफा दिया जो साल के स्पोर्टिंग मोमेंट में से एक रहा। भारतीय महिला टीम ने 18 दिसंबर को नेशंस के फाइनल में स्पेन को 1-0 से हराकर खिताबी जीत हासिल की थी।

### नीरज ने ट्रैक एंड फील्ड में रचा इतिहास

भारत के लिए ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीतने वाले नीरज चोपड़ा ने साल 2022 में भी देश के लिए परचम लहराया। नीरज ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में इतिहास रचते हुए भारत के लिए 2003 (लॉन्ग जंप, अंजू बॉबी जॉर्ज) के बाद ट्रैक एंड फील्ड इवेंट पहला मेडल दिलाया। जुलाई महीने में अमेरिका के यूजीन में हुए इस प्रतियोगिता में नीरज ने 88.13 मीटर भाला फेंक कर भारत को सिल्वर मेडल दिलाया था। वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के भला फेंक स्पर्धा मेडल जीतने वाले नीरज पहले भारतीय बने जो देश के लिए साल का स्पोर्टिंग मोमेंट में से एक रहा।

# धोनी के साथ क्रिसमस मनाने दुबई पहुंच गए ऋषभ पंत, साक्षी ने शेयर की तस्वीरें



**दुबई एजेंसी।** भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का रिश्ता बेहद खास है। दोनों मैदान के अंदर और मैदान के बाहर भी कई बार साथ देखे गए हैं। खुद पंत का कहना है कि उन्होंने धोनी से बहुत कुछ सीखा है और आगे भी सीखते रहना चाहते हैं। यही वजह है कि पंत कभी भी धोनी के साथ समय बिताने का मौका नहीं छोड़ते हैं। इस बार क्रिसमस के मौके पर भी पंत ने ऐसा ही किया। बांग्लादेश में ढाका के मैदान पर टीम इंडिया टेस्ट मैच खेल रही थी। यह मुकाबला 26 दिसंबर को खत्म होना था, लेकिन भारतीय टीम ने चौथे दिन के पहले सत्र में ही जीत हासिल कर ली और खिलाड़ियों के पास क्रिसमस का त्योहार मनाने का समय था। ऋषभ पंत ने यह मौका नहीं छोड़ा और वह ढाका से सीधे दुबई पहुंच गए। यहां उन्होंने साक्षी धोनी और महेंद्र सिंह धोनी के साथ पार्टी की। इस पार्टी की तस्वीरें साक्षी धोनी और खुद पंत ने सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। फैंस इन तस्वीरों को देखकर अलग-अलग कमेंट कर रहे हैं। धोनी के फैंस उनकी एक झलक पाकर खुश हो गए। वहीं, पंत के फैंस ने कहा कि वे टेस्ट मैच खत्म होते ही वहां कैसे पहुंच गए।

## टेस्ट में कमाल कर रहे हैं पंत

वनडे और टी20 में भले ही ऋषभ पंत कुछ खास नहीं कर पा रहे, लेकिन टेस्ट में उनके बल्ले से लगातार रन निकल रहे हैं। वह इस साल टेस्ट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भी उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की। पहली पारी में उन्होंने 93 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन अपने शतक से चूक गए। हालांकि, दूसरी पारी में वह कुछ खास नहीं कर पाए, लेकिन अपनी विकेटकीपिंग से भी उन्होंने काफी प्रभावित किया। अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भी पंत कई मैच जिताऊ पारियां खेलना चाहेंगे।

# 16 गोलबाजार कप जहांगीराबाद क्रिकेट एकेडमी ने जीता




**जबलपुर,यशभारज।** महाकौशल शहीद स्मारक ट्रस्ट, वर्धमान स्पोर्ट्स, सिमराज स्पोर्ट्स और गोलबाजार क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में गोलबाजार मैदान पर खेला गया16 गोलबाजार कप क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला जहांगीराबाद क्रिकेट एकेडमी ने जीत लिया। मेजबान गोलबाज़ार क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 27.1ओवर में 167 रन बनाए जिसमें मोहित बरमैया 74, अर्पित श्रीवास्तव 45 रन बनाए जहागीराबाद ने गेंदबाजी में वेदांत जांगिड ने 4, अभिषेक ने 3, आलोक साहू 2 विकेट लिए, जवाबी पारी में जहांगीराबाद क्रिकेट एकेडमी ने 22.2 ओवरों में 169 रन 6 विकेट के खोकर लक्ष्य को हासिल किया जिसमें देवाशीष ने 69, मोहम्मद अली 44 रन बनाए गोलबाजार क्रिकेट एकेडमी ने गेंदबाज़ी में अर्पित श्रीवास्तव 3 रूद्राक्ष सोनी 2, अंश सिंह चौहान ने 1 विकेट लिया यह मैच जहांगीराबाद क्रिकेट एकेडमी ने 4 विकेट से मैच जीता, मैच में निर्णायक की भूमिका में अंकित यादव, पी. रामाराव और स्कोरर नीरज खंडेवाल, अभय केसरवानी रहे, मैच के मैन ऑफ द मैच वेदांत जांगिड, मैन ऑफ द टूर्नामेंट अर्पित श्रीवास्तव, बेस्ट बैट्समैन मोहम्मद अली, बेस्ट बॉलर आलोक साहू, बेस्ट संजीवनी एकेडमी के विकेट कीपर देव बघेल, अपकमिंग प्लेयर रूद्राक्ष सोनी को दिया गया प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि वर्धमान स्पोर्टस के संचालक सौरभ जैन, सिमराज स्पोर्टस के संचालक राहुल गंगवानी, आकाश सिंह, शहीद स्मारक ट्रस्ट के प्रबंधक सचिव आर. के. तहनगुरिया विश्वमित्र अवॉर्डी सुभाष नायडू जी, अंचल सिंह गौर, मनोज ठाकुर, डॉक्टर समीर हर्षे, अजय चौबे, किशोर बेन, संजय मिश्रा, अंकित यादव ,आकाश पटेल, नीरज खंडेलवाल, अंकित मिश्रा उपस्थित रहे।

# पुलिसवाले का किरदार है अर्जुन का पसंदीदा

**मुंबई, ईएमएस।** फ़िल्म कुत्ते में एक पुलिसवाले का किरदार निभाने वाले अर्जुन कपूर ने संदीप और पिंकी फरार में भी एक पुलिसवाले की भूमिका निभाई थी। उनके इस रोल के बारे में हर कोई यही कहता है कि यह उनके करियर का सबसे शानदार परफॉर्मेंस है। अर्जुन भी मानते हैं कि पुलिसवाले का किरदार उनके लिए लकी चार्म है क्योंकि लोगों ने उनके इस किरदार की जमकर तारीफ की है और वे चाहते हैं कि दर्शक फ़िल्म कुत्ते में भी उनके परफॉर्मेंस को पसंद करें।अर्जुन कहते हैं अगर पुलिस वाले का किरदार मेरे लिए लकी चार्म है तो सचमुच मेरे लिए इससे बड़ी खुशी की बात और क्या होगी। संदीप और पिंकी फरार में एक पुलिसवाले के किरदार से मुझे लोगों का भरपूर प्यार मिला दर्शकों को यह भूमिका काफी पसंद आई और इसके लिए मुझे बेस्ट एक्टर के अवॉर्ड्स भी मिले। इसलिए अगर मुझे कुट्टी में फिर से एक पुलिसवाले का किरदार निभाकर वही सम्मान और वाहवाही मिले तो मैं इसे खुशी-खुशी स्वीकार करूंगा क्योंकि एक एक्टर होने के नाते मैं भी थोड़ा ग्रीडी हूं जो चाहता है कि उसकी हर फ़िल्म का किरदार दर्शकों के दिलो-दिमाग में बस जाए।

# पक्की खबर! अंकित गुप्ता के होटल बेड पर नजर आई लड़की आखिर है कौन?



**मुंबई, ईएमएस।** कलर्स टीवी के रियलिटी शो बिग बॉस 16 से अंकित गुप्ता इस वीकेंड पर बेघर हो गए थे। घरवालों ने अपने वोटों के आधार पर उन्हें घर से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। जबकि नॉमिनेशन से उनकी दोस्त प्रियंका चाहर चौधकी ने बचा लिया था और 25 लाख रुपये भी कमाने का मौका गंवा दिया था। जैसे ही वह बाहर आए सोशल मीडिया पर फैन्स उन्हें वापस लाने के लिए तरह-तरह का ट्रेंड चलाने लगे। हैशटैग्स शुरू कर दिया। [illegible] की मुहिम तक चला डाली। वहीं, अंकित गुप्ता ने घर से आते ही मीडिया पोर्टल्स को इंटरव्यूज देने शुरू कर दिए। इस बीच उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें एक लड़की दिखाई दे रही थी। सोशल मीडिया पर यूजर्स तमाम तरह के दावे कर रहे थे। लेकिन अब पता चल गया है कि वो कौन है। 16 फेम अंकित गुप्ता की एक क्लिप ट्विटर पर वायरल हुई। इसमें वह न्यूजपोर्टल को एक होटल रूम में जूम के जरिए इंटरव्यू दे रहे थे। वह कुछ बात कर रहे थे कि तभी पीछे उनके कमरे के बेड पर लड़की की झलक दिखाई दी। हालांकि जब इस बात का एहसास एक्टर को हुआ तो उन्होंने अपना कैमरा उधर से घुमा दिया। अब ये चीज लोगों ने देख ली। फिर क्या था। उन्होंने इसे वायरल कर दिया। देखते ही देखते वीडियो पर लोगों ने कमेंटबाजी भी शुरू कर दी। कहने लगे कि अब तो प्रियंका चाहर चौधरी का पत्ता कट गया। क्या ये इनकी गर्लफ्रेंड हैं?

### अंकित गुप्ता के वीडियो में कौन है वो लड़की?

लेकिन जब हमने खुद इस बारे में एक्टर के करीबी से [illegible] बात की तो उन्होंने इस बात से पर्दा उठा दिया। नाम न छापने की शर्त पर उनकी करीबी ने बताया कि वह कोई और नहीं बल्कि एक्टर की मैनेजर है। बिग बॉस से आउट होने के बाद लगातार वह इंटरव्यूज दे रहे हैं, जिस वजह से उनके साथ उनकी मैनेजर रहती ही है। उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जा सकता है क्योंकि बाकी चीजें वह हैंडल नहीं करते हैं। उनका सारा काम मैनजर या पीआर ही देखती है। ऐसे में उस दौरान भी मैनजर ही उनके रूम में थी। इतना ही नहीं, टीम के अन्य सदस्य भी उस रूम में मौजूद थे।

# दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट : इंदौर, बैतूल देवास जबलपुर ने जीते मुकाबले



**जबलपुर, यशभारत।** स्थानीय शिवाजी ग्राउंड में चल रही दृष्टिबाधित महिलाओं की क्रिकेट प्रतियोगिता में आज द्वितीय दिवस का शुभारंभ राज्य शिक्षा सलाहकार डॉ .श्रद्धा तिवारी,सांसद प्रतिनिधि पंकज दुबे,तथा भारत रक्षा मंच की महानगर महिला प्रमुख श्रीमती मंजू इंगले द्वारा टास के द्वारा किया गया। जिसमें देवास के 70 रनों के विरुद्ध इंदौर ने 95 रन बनाकर , होशंगाबाद के 73 रनों के जबाव में बैतूल ने 95 रन बनाकर, जबलपुर के 58 रनों के विरुद्ध देवास ने 59 रन बनाकर तथा जबलपुर ने होशंगाबाद के 74 रनों के जबाव में 78 रन बनाकर मैच अपने अपने मैच जीते। होशंगाबाद टीम की सुनीता सराठे ने सर्वाधिक 51 रन,इंदौर की अनुष्का ने 41 रन, बैतूल की प्रिया कीर ने 32 रन तथा देवास की दिव्या ने 19 रन बनाए। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ब्लाइंड क्रिकेट खिलाड़ी सोनू गोलकर के संयोजकत्व में आयोजित इस अनूठी क्रिकेट प्रतियोगिता में आयोजन समिति के डॉ. एच. पी.तिवारी, सुनील कुमार जैन,पूनम चंद मिश्रा,सुरेश यादव,शिव शंकर कपूर, अजय अवस्थी,नीतू जैन,अनुप्रिया माथनकर, कृतिका चारवे अमित नामदेव तथा ओम प्रकाश का विशिष्ट सहयोग रहा। संयोजक सोनू गोलकर ने बताया कि इस त्रिदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर मध्यप्रदेश ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम गठित की जाएगी।

# 2023 में होंगे 4 वर्ल्ड कप-हॉकी-क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी करेगा भारत, इसी साल पहला विमेंस


**नई दिल्ली, ईएमएस।** नया साल शुरू होने में कुछ ही दिन बाकी है। 2022 जहां कॉमनवेल्थ गेम्स, फीफा वर्ल्ड कप, टी-20 वर्ल्ड कप जैसे इवेंट्स से भरा रहा। 2023 भी वैसे ही खेलप्रेमियों के लिए कई वर्ल्ड चैंपियनशिप और टूर्नामेंट लेकर आएगा। इनमें पहली बार महिलाओं का अंडर-19 वर्ल्ड कप और विमेंस IPL होंगे। वहीं, भारत ICC क्रिकेट वर्ल्ड कप, हॉकी वर्ल्ड कप, वर्ल्ड बॉक्सिंग और शूटिंग वर्ल्ड कप जैसे टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। 2023 के ऐसे ही टॉप स्पोर्टिंग इवेंट्स को इस खबर में हम जानेंगे।

### पहली बार- महिला क्रिकेट के 2 बड़े इवेंट्स

2023 में 2 इवेंट्स पहली बार होंगे। एक तो महिलाओं को अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप और दूसरा महिलाओं की इंडियन प्रीमियर लीग । विमेन IPL... भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) 2023 में पहली बार महिलाओं की इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) कराने जा रहा है। 2018 से विमेन IPL के नाम पर चैलेंजर्स ट्रॉफी जरूर हो रही थी। लेकिन, इसमें 4 ही मैच होते थे और विमेन प्लेयर्स को ज्यादा मौके नहीं मिलते थे। इस बार 5 टीमों का IPL होने जा रहा है। टूर्नामेंट 5 से 26 मार्च के बीच प्रस्तावित है। जिसमें करीब 25 से ज्यादा मैच होंगे। टूर्नामेंट का ऑफिशियल शेड्यूल जल्द ही जारी कर दिया जाएगा। अंडर-19 विमेंस वर्ल्ड कप... इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) पहली बार महिलाओं का अंडर-19 विमेंस वर्ल्ड कप आयोजित कराने जा रहा है। टी-20 फॉर्मेट का यह वर्ल्ड कप 14 से 29 जनवरी के बीच साउथ अफ्रीका में आयोजित होगा। 16 टीमों के बीच कुल 41 मैच खेले जाएंगे। टीम इंडिया मेजबान साउथ अफ्रीका, स्कॉटलैंड और UAE की अंडर-19 टीम के साथ ग्रुप-डी में है। भारत की कप्तान शेफाली वर्मा और उपकप्तान ऋश्वा घोष हैं। दोनों ही प्लेयर्स सीनियर विमेन टीम से भी खेल चुकी हैं।

### मेजबान भारत : हॉकी और क्रिकेट वर्ल्ड कप

भारत इस साल अलग-अलग खेलों के 4 बड़े वर्ल्ड टूर्नामेंट और एक एशियन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। जनवरी में हॉकी वर्ल्ड कप, मार्च में विमेन वर्ल्ड बॉक्सिंग, अगस्त में शूटिंग वर्ल्ड कप और अक्टूबर-नवंबर में क्रिकेट वर्ल्ड कप होगा। वहीं, मार्च-अप्रैल के दौरान एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप भी होगी। हॉकी वर्ल्ड कप के बारे में आगे खबर में विस्तार से जानते हैं।




**विमेंस वर्ल्ड बॉक्सिंग...** 15 से 31 मार्च तक नई दिल्ली में 12वीं विमेंस वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप होगी। करीब हर 2 साल में होने वाली चैंपियनशिप की डिफेंडिंग चैंपियन भारत की नखत जरीन हैं। चैंपियनशिप में 75 से ज्यादा देशों की बॉक्सर 12 अलग-अलग वेट कैटेगरी में हिस्सा लेंगी। 2001 में पहली चैंपियनशिप के बाद नई दिल्ली को तीसरी बार टूर्नामेंट की मेजबानी मिली है। इससे पहले 2006 और 2008 में भी देश की राजधानी ने इवेंट को होस्ट किया था।

**शूटिंग वर्ल्ड कप...** सितंबर में संभावित ISSF का राइफल और पिस्टल शूटिंग वर्ल्ड कप भोपाल में होगा। 1988 से हर साल होने वाले टूर्नामेंट को ओलिंपिक क्वालिफिकेशन के लिए अहम माना जाता है। वर्ल्ड कप में मनु भाकर, सौरभ चौधरी, अंजुम मोद्गिल जैसे शूटर्स भारत को रिप्रेजेंट करते नजर आएंगे।

**ICC मेंस वर्ल्ड कप...** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप के 13वें संस्करण की मेजबानी भारत को सौंपी है। भारत ने इससे पहले 1987, 1996 और 2011 में भी क्रिकेट वर्ल्ड कप की मेजबानी की थी। उसे तब पड़ोसी देशों पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश के साथ मेजबानी शेयर करनी पड़ी। लेकिन, इस बार पूरा टूर्नामेंट भारत में ही होगा।

**एशियन रेसलिंग...** मार्च से अप्रैल के बीच नई दिल्ली में एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप होगी। हर साल होने वाली चैंपियनशिप में महिला और पुरुष वर्ग में अलग-अलग वेट कैटेगरी के कॉम्पिटिशन होंगे। भारत के रवि कुमार दहिया, बजरंग पुनिया, विनेश फोगट, साक्षी मलिक समेत कई रेसलर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। चैंपियनशिप में 36 से ज्यादा देशों के रेसलर आने की उम्मीद है।

## हॉकी : जनवरी में वर्ल्ड कप

हर 4 साल में होने वाला हॉकी वर्ल्ड कप इस साल भारत में होगा। टूर्नामेंट 13 से 29 जनवरी तक ओडिशा के भुवनेश्वर और राउरकेला में आयोजित होना है। 16 टीमों को 4 अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है। टीम इंडिया, इंग्लैंड, स्पैन और वेल्स के साथ ग्रुप डी में है। टूर्नामेंट में हर दिन दोपहर एक, 3, 5 और शाम 7 बजे लगभग 4-4 मैच होंगे। 16 टीमों के बीच कुल 44 मैच होंगे। फाइनल 29 जनवरी को भुवनेश्वर में होगा। 1971 में शुरू हुए टूर्नामेंट का डिफेंडिंग चैंपियन बेल्जियम है। टीम ने 2018 के फाइनल में नीदरलैंड को हराकर खिताब जीता था।

### महिला क्रिकेट- ट्ठ्ठ टी-20 वर्ल्ड कप फरवरी में

2023 की शुरुआत महिला क्रिकेट के सबसे नए टूर्नामेंट अंडर-19 वर्ल्ड कप से होगी। इसके ठीक बाद फरवरी में टी-20 वर्ल्ड कप होगा और फिर विमेन IPL भी होगा। विमेन IPL और अंडर-19 वर्ल्ड कप के बारे में हम जान चुके हैं।

**महिला टी-20 वर्ल्ड कप...**10 से 26 फरवरी तक साउथ अफ्रीका में 8वां ICC विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप खेला जाएगा। 10 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा गया है। टीम इंडिया ग्रुप-2 में पाकिस्तान, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और आयरलैंड के साथ है। दोनों ग्रुप की टॉप-2 टीमें 23 और 24 फरवरी को सेमीफाइनल में भिड़ेंगी। फाइनल 26 फरवरी को भारतीय समयानुसार शाम 6.30 बजे होगा। ऑस्ट्रेलियन टीम डिफेंडिंग चैंपियन होने के साथ 5 बार इस कप को उठा चुकी है। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज ने एक-एक बार टूर्नामेंट जीता। भारत 2020 में खेले गए पिछले टूर्नामेंट के फाइनल तक पहुंचा था।

### क्रिकेट- पाकिस्तान में होगा एशिया कप

IPL-16... फ्रेंचाइजी टी-20 लीग का सबसे बड़ा टूर्नामेंट इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) मार्च से मई के बीच खेला जाएगा। 16वें एडिशन का शेड्यूल अब तक जारी नहीं हुआ है। टूर्नामेंट में 10 टीमों के बीच 74 मैच खेले जाएंगे। 2022 में पहली बार IPL खेलने उतरी गुजरात टाइटंस ने हार्दिक पंड्या की कप्तानी में ट्रॉफी उठाई थी। टूर्नामेंट की 2 सबसे सफल टीमें मुंबई इंडियंस (MI) और चेन्नई सुपरकिंग्स (CSK) हैं। MI ने 5 और CSK ने 4 बार ट्रॉफी जीती हैं।





## जबलपुर के कुख्यात माफियाओं के खिलाफ चला प्रशासन का बुल्डोजर

# अन्नू कनौजिया, अंकित, लतीफ कबाड़ी, राहुल कहार का दो मंजिला भवन जमीदोज

**जबलपुर, यशभारत।** पुलिस प्रशासन और नगर निगम ने आज बुधवार को सुबह अधारताल के संजय नगर में दो कुख्यात आरोपियों पर अवैध भवनों पर कार्रवाई कर बुल्डोजर चलाकर जमीदोज कर दिया। माफिया, हत्या का प्रयास और बलात्कार जैसे संगीन वारदातों का आरोपी अन्नू उर्फ अभय कनौजिया ने जहां करीब 90 लाख की शासकीय भूमि में अतिक्रमण कर भवन बनाकर किराय पर देखा था तो वहीं दूसरी ओर राहुल कहार ने करीब 800 वर्ग फुट शासकीय भूमि कब्जा कर दो मंजिला भवन तान रखा था। दोनों के ऊपर अनेक धाराओं में प्रकरण दर्ज हैं। तो वहीं मिल्क स्कीम के पुराने बदमाश लतीफ कबाड़ी और कंचनपुर के अंकित बबुआ के भवन भी जमीदोज किए गए। जिनके खिलाफ थाने में अनेक संगीन धाराओं में मामले दर्ज है।

माफिया विरोधी अभियान के तहत जिला प्रशासन ने पुलिस एवं नगर निगम के सहयोग से कुख्यात अपराधी और भू-माफिया अन्नू उर्फ अभय कनौजिया द्वारा मिल्क स्कीम के पीछे संजय नगर आधारताल में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर किये गये निर्माण को हटाने की कार्यवाही की । एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा से प्राप्त प्रतिवेदन पर की जा रही इस कार्यवाही का नेतृत्व अपर कलेक्टर नमः शिवाय अरजरिया ने किया । मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल खांडेल एवं तहसीलदार राजेश सिंह भी मौजूद थे । नायब तहसीलदार आधारताल संदीप जायसवाल के अनुसार अन्नू अर्फ अभय कनौजिया द्वारा मिल्क स्कीम के पीछे स्थित करीब 3 हजार वर्गफुट शासकीय भूमि पर कब्जा कर मकान का निर्माण कर लिया गया था । उन्होंने बताया कि अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई इस शासकीय भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 90 लाख रुपये है ।



### राहुल ने तान रखा था दो मंजिला भवन

जिला प्रशासन द्वारा पुलिस एवं नगर निगम के साथ माफिया के विरुद्ध आज दूसरी कार्यवाही अपराधी राहुल कहार पिता रामाधार कहार 27 वर्ष निवासी संजय नगर अधारताल द्वारा शासकीय भूमि पर निर्मित अवैध निर्माण को हटाने की गई । तहसीलदार आधरताल राजेश सिंह के अनुसार राहुल कहार पर हत्या के प्रयास सहित कुल 15 अपराध दर्ज हैं । उन्होंने बताया कि कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन पर की जा रही है । राहुल कहार द्वारा करीब 800 वर्ग फुट शासकीय भूमि पर कब्जा कर दो मंजिला मकान बना लिया गया था ।

### स्कूल के लिए आवंटित जमीन पर था कब्जा

तहसीलदार राजेश सिंह ने बताया कि लतीफ कबाड़ी ने सीएम राइज स्कूल के लिए आवंटित जमीन पर कबाड़खाना बना लिया था। जिसे नेस्तनाबूत किया गया। लतीफ के खिलाफ थाने में अनेक मामले दर्ज है जो पुराना बदमाश भी है। आगे भी प्रशासन की कार्रवाई जारी रहेगी।



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 138 वां स्थापना दिवस

# ध्वजारोहण व संगोष्ठी का आयोजन





**जबलपुर, यशभारत।** नगर में आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी का 138 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया । स्थापना दिवस के मौके पर मानस भवन में ध्वजारोहण व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बुधवार की सुबह आयोजित हुए कार्यक्रम की शुरुआत सेवादल द्वारा ध्वजारोहण व राष्ट्रगान के साथ की गई । नगर कांग्रेस अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू ने विधायक लखन घनघोरिया कर उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिन्होंने सेवा कर शपथ ली। जिसके बाद मानस भवन सभागार में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जहां वक्ताओं द्वारा देश की वर्तमान परिस्थितियों और उसमें कांग्रेस पार्टी की भूमिकाओं को लेकर चर्चा की गई इस मौके पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष व महापौर जगत बहादुर सिंह द्वारा कांग्रेस पार्टी की आगामी योजनाओं व उसके 138 साल पुराने इतिहास पर चर्चा के साथ ही साथ कांग्रेस पार्टी द्वारा देश की सेवा में किए गए कार्यो को भी इंगित किया वहीं कार्यक्रम में मौजूद विधायक व प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष लखन घनघोरिया द्वारा भी कांग्रेस स्थापना दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी गई और आने वाले समय में पार्टी के सिद्धांतों के साथ चलते हुए देश सेवा की बात कही। इस मौके पर विधायक विनय सक्सेना महिला अध्यक्ष श्रीमती कमलेश यादव,पूर्व मंत्री कोशल्या गोंटिया,पूर्व मंत्री चन्द्र कुमार भनोत ,सेवा दल अध्यक्ष सतीश तिवारी,मनोज सेठ शिवकुमार चौबे, यतीश अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में पार्टी जन मौजूद रहे।

# कार की टक्कर से मजदूर की मौत

**जबलपुर, यशभारत।** थाना बरेला के गौर चौकी अंतर्गत पैदल जा रहे एक मजदूर युवक को बेलगाम कार ने सीधी टक्कर मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। युवक को जख्मी हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। वहीं, परिजनों ने जब लाडले का शव देखा तो चीख पड़े, जिन्हें पुलिस ने बमुश्किल सम्हाला। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि लखन सिंग मरावी 33 वर्ष ग्राम कूम्हा जिला मंडला का निवासी है। जो पेशे से मजदूरी करता है। हाइवे से युवक वाहन की तलाश में था तभी किसी अज्ञात कार ने युवक को टक्कर मार दी। जिससे युवक को गंभीर चोट आईं। आनन-फानन में युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में युवक ने अंतिम सांस लीं। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है

## सेवा का सम्मान



**जबलपुर,यश भारत।** मां वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा समिति द्वारा विगत दिनों 20 दिसंबर को 1615 यात्रियों को माता वैष्णो देवी का दर्शन करने ट्रेन के माध्यम से कटरा जम्मू ले जाया गया था। जो 25 दिसंबर को यात्रा पूर्ण कर वापस आए हैं। इस यात्रा के दौरान जिन लोगों द्वारा सेवा का श्रेष्ठ कार्य किया गया उनका सम्मान समिति द्वारा मंगलवार को मदन महल स्थित दद्दा परिसर में किया गया। जहां यात्रा में शामिल हुए तीर्थयात्री व आयोजक मौजूद रहे। जिन्होंने श्रेष्ठ सेवा कार्य करने वाले लोगों का सम्मान किया।

## श्री अमरप्रीत छाबड़ा राजू का निधन

**जबलपुर ।** होटल एंड रेस्टोरेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रवक्ता, जबलपुर चैम्बर के सक्रिय पदाधिकारी, होटल सम्राट एवं प्राइड के संचालक श्री अमरप्रीत छाबड़ा राजू का सुपुत्र स्व. मनजीत सिंह छावड़ा का आकस्मिक निधन हो गया।अंतिम यात्रा निज निवास गुरुद्वारा गोरखपुर के पीछे से गुप्तेश्वर मुक्तिधाम पहुंची, जहां अंतिम संस्कार में सभी वर्ग के लोगों ने शामिल होकर दिवंगत को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी।



# मरीज ने किया डॉक्टर पर हमला, ओपीडी में हंगामा



### विक्टोरिया जिला चिकित्सालय का मामला

**जबलपुर यश भारत।** जिला अस्पताल विक्टोरिया में पदस्थ डॉक्टर आकांक्षा चौधरी पर अधारताल में रहने वाली एक महिला द्वारा मारपीट की गई। डॉ आकांक्षा चौधरी का आरोप है कि वह जब ओपीडी में मरीज देख रही थी उसी दौरान एक महिला उनके पास आई और उसने उपचार की बात कही जिसको लेकर उन्होंने कुछ देर रुकने की बात कही जिसके बाद उक्त महिला द्वारा डॉ आकांक्षा चौधरी पर हमला कर दिया गया और छीना-छपटी के दौरान उनका मंगलसूत्र तोड़ दिया और उन्हें गाल में एक चाटा भी मार दिया । इस पूरे मामले में अस्पताल में मौजूद कुछ दूसरे लोग बीच-बचाव करने आए उन्हें भी मामूली खरोच आई है। मामले में पुलिस का कहना है कि डॉक्टर के साथ मारपीट करने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई जा रही है और वह बीमारी के कारण लंबे समय से परेशान चल रही थी लेकिन अस्पताल में हुए हमले के बाद विक्टोरिया के डॉक्टर लामबंद हो गए हैं और उन्होंने दोपहर में ओपीडी की सेवाएं तत्काल प्रभाव से बंद कर दी। अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है।































स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)